'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र'

# समाचार गेट

वर्ष 01, अंक 49 पृष्ठ 08 मूल्य 03 रूपए शनिवार, 04 मई 2024 TITLE CODE : HARHIN11569

# पलवल क्षेत्र को विकास के मामले में रखा अव्वल : कृष्णपाल गुर्जर

## भाजपा प्रत्याशी ने पलवल विधानसभा के दर्जनों क्षेत्रों में किया जनसंपर्क



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी एवं केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा है कि अपने सांसद कार्यकाल के दौरान उन्होंने फरीदाबाद जिले के साथ-साथ पलवल क्षेत्र को विकास के मामले में सदैव अव्वल रखा, यहां ग्रामीण क्षेत्रों में शहरों की तर्ज पर जहां लोगों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवाई वहीं बिजली, पानी, सड़कें जैसे मामलों में भी यहां युद्धस्तर पर विकास कार्य करवाए। उन्होंने कहा कि कुछ विकास कार्य अधूरे रह गए है, जिन्हें आने वाले समय में पूरा करवा दिया जाएगा और इस जिले को विकास की दौड़ में सबसे आगे रखा जाएगा। श्री गुर्जर आज अपने चुनावी जनसंपर्क अभियान के तहत पलवल क्षेत्र के नंगला भीकू, लोहागढ़, कुशलीपुर, माड़िया मोहल्ला, चौपाल गोरिला मोहल्ला, कृष्णा कालोनी, दया बस्ती भवन कुंड आदि में जनसंपर्क करने के उपरांत चुनावी सभाओं में उपस्थितजनों को संबोधित कर रहे थे। सभाओं को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि पलवल जिले के विकास को गति देने के लिए पलवल में बनाए गए फ्लाईओवर का कार्य भी भाजपा शासनकाल में पूरा हुआ, इस फ्लाईओवर के बनने से लोगों को जहां जाम से मुक्ति मिली वहीं घण्टों का सफर मिनटों में पूरा होने से लोगों को राहत मिली और आसपास के एरिया की कनेक्विटी भी बेहतर हो गई है। श्री गुर्जर ने कहा कि जैसे-जैसे मतदान की तिथि नजदीक आ रही है, वैसे-वैसे लोगों का उत्साह भी बढ़ता जा रहा है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों में आज हर वर्ग आस्था जता रहा है, जो कार्य दस सालों में हुए है, उन कार्यो पर लोग अपनी सहमति की मोहर लगा रहे है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी जी ने देश को नया भारत बनाया है, वो भारत जो न किसी से दबेगा और न किसी के आगे झुकेगा बल्कि दोस्त के लिए दोस्त रहेगा और दुश्मन को पूरी तरह से नेस्तानाबूद कर देगा। श्री गुर्जर ने कहा कि आज पूरा विश्व भारत में हो रहे चुनावों में नजर गढ़ाए हुए है क्योंकि यह चुनाव देश को नई दिशा और दशा देंगे क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2047 में भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की नींव रखी है और अब इस नींव पर इमारत खड़ी करने का काम शुरू किया जाएगा। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वह विपक्ष के झूठे प्रलोभनों में न आए और विकास के सूचक नरेंद्र मोदी जी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर इस देश को विकसित बनाने में अपना योगदान देते हुए आने वाली 25 मई को कमल के सामने वाला बटन दबाकर देश में फिर से नरेंद्र मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाने का कार्य करे ताकि विकास का जो दौर 2014 में शुरू हुआ था, उसे आगे भी जारी रखा जा सके। इस दौरान जगह-जगह आयोजित चुनावी सभाओं में लोगों ने ढोल नगाड़ों व फूल मालाओं के साथ भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर को अपना समर्थन देते हुए उन्हें लगातार तीसरी बाद संसद भेजने का भरोसा दिलाया। इसके उपरांत भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर ने पलवल में अपने चुनावी कार्यालय का भी शुभारंभ किया। इस मौके पर विधायक दीपक मंगला, केहर सिंह सरपंच, चरण सिंह तेवतिया, पूर्वमंत्री सुभाष कत्याल, डा. बलदेव अलावलपुर, सोहनपाल छोकर, बृजेंद्र नेहरा, दया तंवर, योगेश तेवतिया, पवन चौधरी, सतीश कुमार, हरिकिशन, देव तेवतिया सहित अनेकों गणमान्य लोग मौजूद थे।

# फरीदाबाद से हरियाणा में शुरू हुई बदलाव की हवा : उदयभान

## महेन्द्र प्रताप सिंह की नामांकन सभा में उमडा जनसैलाब



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी उदयभान ने कहा कि फरीदाबाद में अब बदलाव की हवा शुरू हो गई है जो बहुत जल्द ही आंधी का रूप लेगी क्योंकि अब समय आ गया है जब जनता भाजपा के कुशासन और भ्रष्टाचार से मुक्ति पाने के लिए इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी चौधरी महेन्द्र प्रताप सिंह को भारी बहुमत से विजयी बनाएगी। उन्होंने कहा कि पिछले दस साल के शासन में फरीदाबाद के लोगों को सिवाय धर्म और जात-पात की राजनीति के अलावा कुछ नहीं मिला, इसलिए यहां के लोगों ने अब परिवर्तन का पक्का मन बना लिया है।

वह शुक्रवार को इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी चौधरी महेन्द्र सिंह का सेक्टर-12 स्थित जिला सचिवालय में नामांकन दाखिल कराने के उपरांत आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित कर रहे थे। नामांकन सभा में उपस्थित हजारों के जनसैलाब ने एक तरह से चुनाव की शुरूआत में ही महेन्द्र प्रताप सिंह की जीत की गारंटी देदी। उपस्थित लोगों का उत्साह देखने लायक था तथा उन्होंने अबकी बार महेन्द्र प्रताप के नारों के साथ वातावरण को पूरी तरह से कांग्रेसमय बना दिया। सभा में फरीदाबाद नगर निगम के भाजपा पार्षद कैलाश बैंसला, महेन्द्र सरपंच, राव महेन्द्र, दीपक चौधरी, राकेश भडाना व जितेन्द्र भडाना सहित 6 पार्षदों ने मंच से अपने खुले समर्थन का ऐलान किया।

इस मौके पर कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी चौधरी महेन्द्र प्रताप सिंह, पूर्व मंत्री हर्ष कुमार, विधायक नीरज शर्मा, पूर्व विधायक शारदा राठौर, पूर्व विधायक रघुवीर सिंह तेवतिया, पूर्व विधायक ललित नागर, पूर्व विधायक योगेश शर्मा, वरिष्ठ नेता विजय प्रताप सिंह, लखन कुमार सिंगला, मोहम्मद इसराईल चौधरी सहित लोकसभा क्षेत्र के सभी 9 विधानसभा क्षेत्रों के हजारों की संख्या में लोग मौजूद थे।

सभा में उमडे अपार जनसैलाब से गदगद कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष उदयभान ने कहा कि नामांकन सभा में ही हजारों लोगों का जनसैलाब इस बात की गवाही दे रहा है कि इस बार फरीदाबाद की जनता ने वोट की चोट से अहंकार को हराने का पक्का मन बना लिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ही सही मायनों में हर वर्ग के हितों की पार्टी है जबकि भाजपा ने गरीबों के हकों पर कुठाराघात किया है। भाजपा ने फरीदाबाद को विकास के मामले में पीछे धकेल दिया है। किसान, व्यापारी, कर्मचारी, महिला, युवा, कर्मचारी व हर वर्ग अपने आपको ठगा सा महशूस कर रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने अपने चुनावी घोषणा पत्र को न्याय पत्र का नाम दिया है और सरकार बनने पर कांग्रेस 5 न्याय व 23 गारंटी लोगों के समक्ष रखीं हैं जिन्हें पूरा किया जाएगा। भाजपा के तो 15 लाख के जुम्ले निकले हैं लेकिन राहुल गांधी ने न्याय पत्र में महात्मा गांधी, पंडित जवाहरलाल नेहरू, बाबा सोह भीमराव अंबेडकर व राहुल गांधी की पदयात्रा के पसीने की गंध नजर आती है। उन्होंने कहा कि अब पचा लीक नहीं होगा और प्रदेश में युवाओं को रोजगार की गारंटी हमारी है वहीं अगनी वीर योजना के पन्ने फाड दिए जाएंगे और सरकार बनते ही पहले की तरह फौज में भर्ती, शहर कॉलेनी व गावों में गरीबों को पक्के मकान व प्लॉट दिए जांएगे वहीं किसानों के लिए स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट को लागू कर किसानों के प्रयोग में आने वाली सभी वस्तुओं से टैक्स खत्म किया जाएगा तथा आंगनवाडी कर्मियों की तनख्वाह दोगुनी कर 14 लाख नई नियुक्ति की जाएंगी। उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी महेन्द्र प्रताप की जीत के लिए जुट जाने का आह्वान भी किया।

इस मौके पर कांग्रेस प्रत्याशी महेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि देश-प्रदेश में जब कांग्रेस की सरकार थी तो हमने विकास पर फोकस रखा वहीं युवाओं को रोजगार दिया और गरीबी को ध्यान में रखकर हर वर्ग के लोगों के हितार्थ कार्य किए मगर पिछले दस साल में भाजपा ने दी तो सिर्फ बेरोजगारी, मंहगाई जिससे आज हर वर्ग त्राही-त्राही कर रहा है वहीं फरीदाबाद का विकास पटरी से उतर गया है क्योंकि फरीदाबाद का सही विकास कांग्रेस की ही दैन है।

भाजपा ने तो केवल लोगों को बेवकूफ बनाने का काम किया है। फरीदाबाद शहर में मैट्रो कांग्रेस लेकर आई और कांग्रेस ने ही बल्लभगढ तक मैट्रो का विस्तार किया। मेडिकल कॉलेज कांग्रेस सरकार की देन है, यूनिवर्सिटी, आईएमटी सहित मास्टर प्लान के तहत कराए गए विकास कार्य केवल और केवल कांग्रेस की देन है।

# हरियाणा में अब तक 34.77 करोड़ रुपये की नगदी, अवैध शराब और मादक पदार्थ जब्त

**समाचार गेट ब्यूरो**

**चंडीगढ़ 3 मई।** हरियाणा के मुख्य सचिव श्री टी.वी.एस.एन. प्रसाद ने कहा कि लोकसभा चुनावों के दौरान प्रवर्तन एजेंसियों ने प्रदेश में 34.77 करोड़ रुपये की नगद राशि, अवैध शराब, मादक पदार्थ तथा कीमती धातुएं व वस्तुएं जब्त की हैं। चुनाव प्रक्रिया के दौरान अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए सरकार द्वारा कड़े कदम उठाए जा रहे हैं और एजेंसियों द्वारा निरंतर कार्रवाई की जा रही है। मुख्य सचिव आज यहां लोकसभा चुनाव के दौरान विभिन्न एजेंसियों द्वारा नगद राशि, अवैध शराब, ड्रग्स व अन्य वस्तुओं को जब्त करने संबंधी एक बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

बैठक में पुलिस महानिदेशक श्री शत्रुजीत कपूर, मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री अनुराग अग्रवाल, आबकारी एवं कराधान विभाग के प्रधान सचिव श्री देवेंद्र कल्याण और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में जानकारी दी गई कि 5.91 करोड़ रुपये की नगद राशि, 12.48 करोड़ रुपये कीमत की 3,67,561 लीटर अवैध शराब और 12.11 करोड़ रुपये कीमत की 6015.72 किलोग्राम मादक पदार्थ जब्त किए गए हैं।



इसके अलावा, 1.73 करोड़ मूल्य की कीमती धातुएं और 2.52 करोड़ रुपये मूल्य की अन्य वस्तुएं भी जब्त की गई हैं। मुख्य सचिव श्री टी.वी.एस.एन. प्रसाद ने वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देश दिए कि पड़ोसी राज्यों के साथ समन्वय स्थापित कर जब्त शराब के स्रोत का पता लगाया जाए। इसके अतिरिक्त, उन्होंने विशेष रूप से दिल्ली और अन्य राज्यों की सीमा से लगे जिलों में सतर्कता बढ़ाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।



# उन्हें वोट दें जो आपके बीच का हो : फाज़िलपुरिया

**राव इन्द्रजीत की लापरवाही से साइबर सिटी के लोग भय के साये में जीने को मजबूर : फाज़िलपुरिया**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम लोकसभा सीट से जननायक जनता पार्टी के उम्मीदवार राहुल यादव फ़ाज़िलपुरिया ने शुक्रवार को फार्रुखनगर के पटौदी रोड पर पार्टी के अपने कैम्प कार्यालय का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने एक जनसभा को संबोधित भी किया। उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी राज बब्बर पर निशाना साधते हुए उन्हें इम्पोर्टेड प्रत्याशी बताया। राहुल ने जनता से पूछा कि क्या गुडगाँव की जनता को अपनी समस्या के समाधान के लिए मुंबई जाना पड़ेगा? जो यहाँ के हैं ही नहीं, वो यहाँ के लोगों की समस्या क्या सुलझाएंगे? उन्होंने महिलाओं से कहा कि यह चुनाव उनके बच्चों के भविष्य का चुनाव है। हम अपने साथ साथ अपनी अगली पीढ़ी के लिए भी वोट कर रहे हैं। आपको अच्छी शिक्षा के लिए वोट करना है, अच्छे स्कूलों के लिए वोट करना है, इसलिए इस बात को समझने की ज़रुरत है कि ये चुनाव बदलाव का चुनाव है। यह बदलाव आपके वोट से होगा और अगर इस चुनाव में आप चूक गये तो यह मौक़ा फिर जल्दी नहीं मिलेगा

राहुल फ़ाज़िलपुरिया ने इशारे इशारे में गुडगाँव के मौजूदा सांसद राव इन्द्रजीत सिंह पर निशाना साधते हुए उन्हें जनता का नहीं, कुर्सी का नेता बताया। राहुल ने कहा कि ये मौक़ा देख के दल बदलने वाले लोग हैं। विचारधारा की बड़ी-बड़ी बातें करने वाले इन नेताओं की विचारधारा उस समय कहाँ चली जाती है जब ये सत्ता के लिए सिद्धांतों से समझौता कर लेते हैं? राहुल ने कहा कि मौजूदा सरकार के शासन में गरीब जनता और गरीब होती जा रही है। लोगों को बिजली-पानी, सड़क, स्वास्थ्य जैसी आधारभूत सुविधाएं अब तक नहीं मिल पा रही हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान सांसद एक मौक़ापरस्त नेता हैं जो बस चुनावी मौसम में दिखते हैं, उसके बाद नज़र नहीं आते। ऐसे नेताओं को इस चुनाव में जनता ज़रूर जवाब देगी। उन्होंने आगे कहा कि आपको वोट देकर सेवक चुनना है, राजा नहीं। फ़ाज़िलपुरिया ने सत्तारूढ़ पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि दुनिया गुडगाँव को साइबर सिटी कहती है, लेकिन गुडगाँव साइबर सिटी नहीं, क्राइम सिटी बनती जा रही है। सरकार इसपर कुछ नहीं कर रही। इसके अलावा महिला सुरक्षा पर बात करते हुए फ़ाज़िलपुरिया ने कहा कि आज अगर लड़की शाम को घर से बाहर जाती है, तो जबतक वो लौट के वापस घर न आ जाए, तब तक माँ बाप के हाथ पाँव फूले रहते हैं, और अगर दुर्भाग्य से यहाँ के सामान्य नागरिक को अपने सांसद से मदद की जरूरत आन पड़े तो सांसद आम लोगों से मिलना भी पसंद नहीं करते।

कार्यक्रम के दौरान राहुल फ़ाज़िलपुरिया महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों के बीच जा जाकर उनकी समस्याएं सुन रहे हैं। क्षेत्र की जनता के बीच उनके इस तरीके की काफी प्रशंसा हो रही है

# जिला परिषद अध्यक्ष दीपाली किसके साथ जेजेपी या बीजेपी?

**जजपा ने भाजपा के खिलाफ गुरुग्राम से उतरा उम्मीदवार राहुल फाजिलपुरिया**

**भाजपा के राव इंद्रजीत के चुनाव प्रचार में मौजूद रही जेजेपी नेत्री दीपाली**

**जिला परिषद अध्यक्ष के पिता है जननायक जनता पार्टी के नेता**




**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरुग्राम 3 मई।** चुनाव ही एक ऐसा मौका अथवा अवसर होता है, जब कार्यकर्ताओं की निष्ठा और विश्वसनीयता अपनी अपनी पार्टी सहित वरिष्ठ नेताओं के प्रति दिखाई देती है। चुनाव ही एक ऐसा मौसम होता है, जिसके आने के साथ ही नेता लोग अपनी रुचि, निष्ठा और बनी हुई नाराजगी को लेकर दल बदल भी करते हैं । लेकिन जब विधिवत रूप से दल बदल ना किया हो और विशेष रूप से चुनाव के दौरान प्रतिद्वंदी पॉलीटिकल पार्टी का नेता अपने ही प्रतिद्वंद्वी उम्मीदवार सभाओं में मंच साझा करें, तो सवाल उठना भी स्वाभाविक हैं।

गुरुग्राम जिला परिषद अध्यक्ष दीपाली चौधरी जो की जननायक जनता पार्टी की नेत्री है ।वह शुक्रवार को जननायक जनता पार्टी की प्रतिद्वंद्वी भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार और केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह के चुनाव प्रचार की ग्रामीण जनसभा में मंच साझा करती हुई दिखाई दी । गौर तलब है कि जननायक जनता पार्टी के द्वारा गुरुग्राम संसदीय क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के मुकाबले में राहुल यादव फाजलपुरिया को उम्मीदवार बनाया गया है। उम्मीदवार घोषित किया जाने के बाद राहुल फाजिलपुरिया जब पटौदी पहुंचे थे, तो उसे समय कथित रूप से जिला परिषद अध्यक्ष के पिता दीपचंद भी विशेष रूप से मौजूद रहे । यहां खास बात यह है कि दीपचंद पिछले विधानसभा चुनाव में पटौदी विधानसभा क्षेत्र से जननायक जनता पार्टी के उम्मीदवार बनकर भारतीय जनता पार्टी के ही उम्मीदवार सत्य प्रकाश के विरुद्ध चुनाव लड़ने वालों में शामिल है । जिला परिषद के चुनाव संपन्न होने के बाद भी जिला परिषद अध्यक्ष दीपाली चौधरी और उनके पिता दीपचंद के द्वारा पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला से मुलाकात कर आशीर्वाद लिया गया।

गुरुग्राम जिला परिषद अध्यक्ष पद एससी महिला के लिए आरक्षित होने तथा वार्ड नो एससी महिला के लिए रिजर्व होने पर इसी वार्ड से जननायक जनता पार्टी की दीपावली चौधरी उम्मीदवार रही। भारतीय जनता पार्टी की तरफ से मधु सारवन दीपाली चौधरी के सामने उतर गई । जननायक जनता पार्टी की दीपाली चौधरी के चुनाव प्रचार के लिए जननायक जनता पार्टी के ही जिला के वरिष्ठ पदाधिकारी सहित उनके पिता दीपचंद के द्वारा दिन-रात मेहनत करते हुए दीपाली चौधरी की जीत सुनिश्चित की गई । इसके बाद जब जिला परिषद अध्यक्ष के चुनाव का समय आया उस समय भी ऐसी रणनीति बनाई गई की जननायक जनता पार्टी की दीपावली चौधरी की ताजपोशी में कोई परेशानी नहीं हो ।शुक्रवार को हैरानी होने के साथ-साथ लोगों में चर्चा का विषय भी बन गया , लोकसभा चुनाव में जिला परिषद अध्यक्ष दीपावली के द्वारा भाजपा और भाजपा के राव इंद्रजीत के लिए ही समर्थन जुटाने के साथ प्रचार किया जाएगा!

# दर्शकों को बेहद पसंद आ रही है संजय लीला भंसाली की हीरामंडी



**समाचार गेट/दीपिका**

**मुंबई।** 1 मई को रिलीज़ हुई संजय लीला भंसाली की वेब सीरीज़ हीरामंडी लोगो के मन को खूब भा रही है। भंसाली ने इसे ott प्लैटफ़ार्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज़ किया है। इसके 8 एपिसोड है। संजय लीला भंसाली की पहली वेब सीरीज़ हीरामंडी ट्रेलर रिलीज़ होने के बाद से सोशल मीडिया पर बज़ में बनी हुई है। इस वेब सीरीज में मनीषा कोइराला, सोनाक्षी सिन्हा, अदिति राव हैदरी, ऋचा चड्ढा, शेखर सुमन, फरदीन खान सहित कई सितारे हैं। वहीं, मेल कास्ट में शेखर सुमन और अध्ययन सुमन भी अहम भूमिका निभाते नजर आएंगे। शेखर सुमन के कैरेक्टर जुल्फीकार और अध्ययन सुमन के कैरेक्टर का नाम जोरावर है। भंसाली के दिमाग में पिछले 18 साल से हीरामंडी का आइडिया था। यही वजह है कि उनके दिमाग में पाकिस्तानी स्टार्स फवाद खान, माहिरा खान और इमरान अब्बास को कास्ट करने का भी विचार था। इसके अलावा वो रेखा, करीना कपूर और रानी मुखर्जी को भी कास्ट करना चाहते थे। खैर। अब वो इन कलाकारों के साथ आपके सामने हाजिर हैं। फिल्म की कहानी ब्रिटिशकाल के दौरान की कहानी है, जहां एक वैश्यालय की महिलाएं आजादी की लड़ाई में अंग्रेजों से लड़ रही होती हैं। ये सीरीज नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो रही है। चलिए हम आपको बताते हैं कि आखिर यह कितने बजे रिलीज होगी। हाल ही में हीरामंडी का गाना आजादी रिलीज किया गया। ये गाना हीरामंडी से निकाले जाने या उस जगह के छिनने के तवायफों के दर्द को दिखाता है। इसके पहले तिलस्मी बाहें और सकल बन रिलीज हुआ था, जिसे पर्बलिक ने काफी पसंद किया।

# जसप्रीत बुमराह को पछाड़कर किसने कब्जा किया पर्पल कैप

**समाचार गेट/दीपिका**

**मुंबई।** मैदान में बेहद शांत दिखने वाले सनराइजर्स हैदराबाद (स्क्रा।) के तेज गेंदबाज टी नटराजन ने इंडयिन प्रीमयिर लीग 2024 में पर्पल कैप पर कब्जा कर लिया है। दरअसल, नटराजन ने पर्पल कैप होल्डर की रेस में दिग्गज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को पछाड़ा है। मौजूदा आईपीएल का 50वां मैच हैदराबाद में 2 मई को खेला गया। इस मैच में सनराइजर्स हैदराबाद ने आखरिी गेंद पर राजस्थान रॉयल्स को 1 रन से मात दी। हैदराबाद की जीत के हीरो भुवनेश्नर कुमार रहे, जन्हिोंने आखरिी गेंद पर रोवमैन पॉवेल को LBW आउट कर राजसथान को जीत दिलाई सनराइजर्स हैदराबाद के लिए टी नटराजन ने भी शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 ओवरों में 35 रन देते हुए 2 विकेट हासलि किए। इसके साथ ही नटराजन इस आईपीएल में इस




आईपीएल में फलिहाल सबसे ज्यादा 15 विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। नटराजन ने 8 मैचों में 19.13 के एवरेज और 8.96 की इकोनॉमी रेट से ये विकेट लिए है। नटराजन के बाद जसप्रीत बुमराह (14 विकेट), मुस्ताफजिुर रहमान (14 विकेट) हैं. वहीं, हर्षल पटेल, मथीशा पथरिाना, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, गेराल्ड कोएत्जे, मुकेश कुमार हैं, जिनके संयुक्त रूप से 13 विकेट हैं.

**नेट बॉलर बनकर किया था डेब्यू**

33 साल के नटराजन ने 2020-21 के ऑस्ट्रेलियाई दौरे पर तीनों फॉर्मेट में में भारत की ओर से डेब्यू किया था।.यॉर्कर मैन के नाम से अपनी छाप छोड़ चुके नटराजन ने ब्रिस्बेन के गाबा स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपना टेस्ट डेब्यू किया। ऑस्ट्रेलिया के साथ हुई सीमित ओवरों की सीरीज में खेल चुके नटराजन को नेट बॉलर के तौर पर ऑस्ट्रेलिया लाया गया था, लेकिन किस्मत उनका साथ देती गई और उनके लिए नए दरवाजे खुलते गए। रर्वा शास्त्री ने तब उनकी खूब तारीफ की थी और उनको डेथ ओवर्स का स्पेशलस्टि तक कहा था. आईपीएल 2022 की नीलामी में नटराजन को सनराइजर्स की टीम ने चार करोड़ रुपए में खरीदा था।

**नटराजन के पिता थे हाड़ी मजदूर**

पांच बच्चों में सबसे बड़े थंगारासु नटराजन एक साधारण पृष्ठभूमि से हैं. उनके पिता एक साड़ी निर्माण इकाई में दिहाड़ी मजदूर के रूप में काम करते थे, जबकि उनकी मां सड़क के किनारे स्टॉल लगाती थीं. ऐसी चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में नटराजन और उनके परिवार को पैसो की दिक्कत का का सामना करना पड़ा. यहां तक उनको शिक्षा के लिए नोटबुक और पेंसिल जैसी बुनियादी चीजों का खर्च उठाने के लिए संघर्ष करना पड़ता था।

# आजादी आंदोलन से ही पत्रकारिता ने देश को दी है दिशाः बिजेंद्र कुमार

**राष्ट्रीय प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में कही यह बात**

**राष्ट्रीय प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर किया गया पत्रकारों का सम्मान**

**मानवता स्वास्थ्य शिक्षा फाउंडेशन एवं सेंटर फॉर साइट नेत्र अस्पताल, सहज शक्ति फाउंडेशन, बुलंद आवाज वेलफेयर सोसायटी ने किया सांझा कार्यक्रम**

**मतदाताओं को मतदान में बढ़-चढक़र भाग लेने का भी दिया गया संदेश**




**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** शुक्रवार को राष्ट्रीय प्रेस स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मानवता स्वास्थ्य शिक्षा फाउंडेशन एवं सेंटर फॉर साइट नेत्र अस्पताल की ओर से पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजित किया गया। न्यू रेलवे रोड पर सेंटर फॉर साइट आंखों के अस्पताल के परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी बिजेंद्र कुमार मुख्य अतिथि, नगर निगम के जन सम्पर्क अधिकारी सतबीर रोहिल्ला, जीएमडीएम की जन सम्पर्क अधिकारी नेहा शर्मा विशिष्ट अतिथि रहे। कार्यक्रम में सेंटर फॉर साइट के एमडी डा. महिपाल सचदेव व उनकी गुरुग्राम शाखा से पूरी टीम, निरुपमा सचान, शाहनवाज सिद्दीकी, दीपक खरवार, शैलेंद्र बान्दे का पूर्ण सहयोग रहा।

जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी बिजेंद्र कुमार ने दोनों संस्थानों की ओर से आयोजित किए गए इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि पत्रकार हर समाज, हर व्यक्ति, हर वर्ग के हितों के लिए काम करता है। उनकी आवाज को उठाता है। कोई भी संस्था जब पत्रकारिता और पत्रकारों का इस तरह से सम्मान करते हैं तो ऐसे कार्य समाज को एकता के सूत्र में पिरोने का काम करता है। उन्होंने लोकसभा चुनावों के प्रति ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि अधिक से अधिक मतदान के लिए मतदाता आगे आएं। मीडिया अपनी बेहतरीन भूमिका चुनाव में अदा कर रहा है। मतदाताओं को जागरुक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता सदैव चुनौतीपूर्ण कार्य रहा है। विपरीत परिस्थितियों में रहकर भी एक पत्रकार को अपनी लेखनी के माध्यम से समाज में अपनी भूमिका अदा करनी पड़ती है। उन्होंने कहा कि आजादी के आंदोलन से ही पत्रकारिता ने देश-दुनिया में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। इसमें कोई दोराय नहीं कि पत्रकार को पत्रकारिता करने की आजादी होनी ही चाहिए। अगर पत्रकारिता को दबाया जाता है तो फिर समाज में सुधार की गुंजाइश भी खत्म होने लगती है। इसलिए प्रेस की आजादी बरकरार रखना बहुत ही महत्वपूर्ण विषय है। डीआईपीआरओ बिजेंद्र कुमार ने कहा कि पत्रकारिता दिवस हो या पत्रकारिता आजादी दिवस हो, इन दिवसों को मनाने के पीछे यही प्रयास होते हैं कि समाज के साथ पत्रकार हितों की भी बात होनी चाहिए।

**समाज में बदलाव करने वाले पत्रकारों को साधुवादः सतबीर रोहिल्ला**

नगर निगम गुरुग्राम के जन सम्पर्क अधिकारी सतबीर रोहिल्ला ने कहा कि पत्रकारिता को हमें मिशन के रूप में लेना चाहिए। समय के साथ पत्रकारिता प्रोफेशनल भी हुई है। इसके बहुत से कारण हैं। मीडिया घरानों ने भी पत्रकारिता में बिजनेस को प्राथमिकता दी है। ऐसे दौर में भी जो पत्रकार समाज में कुछ बदलाव करने के प्रयास करते हैं, वे साधुवाद के पात्र हैं। परिणाम चाहे कुछ भी हों, लेकिन हमें प्रयास करते रहना चाहिए।

**मीडिया समाज के मुद्दों को हर मंच पर उठाता है: नेहा शर्मा**

जीएमडीए से जन सम्पर्क अधिकारी नेहा शर्मा ने सभी पत्रकारों को पत्रकारिता आजादी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पत्रकारों ने समाज को सही राह दिखाई है। पत्रकारिता को समाज ने भी पूरी गंभीरता से लिया है। समाज का हर वर्ग अपनी बात को पहुंचाने के लिए मीडिया के पास ही पहुंचता है। मीडिया की ओर से समाज के मुद्दों को हर मंच पर उठाया जाता है। ऐसे में हम कह सकते हैं कि पत्रकारिता अपने आप में एक बहुत बड़ा कार्य है। इस कार्य में चुनौतियां भी बहुत हैं, फिर भी पत्रकार समाज में अपनी भूमिका से पीछे नहीं हटते। इस कार्यक्रम की सफलता में मानवता स्वास्थ्य शिक्षा फाउंडेशन से दीपक गुप्ता, पंकज रोहिल्ला, कविता सरकार, रामकिशोर, सहज शक्ति फाउंडेशन से मीनाक्षी रंजन, बुलंद आवाज वेलफेयर सोसायटी से कुलदीप हिन्दुस्तानी, क्लोव डेंटल से निखिल मिश्रा, डा. भावना चोपड़ा तलवार का अहम योगदान रहा।

## पर्यावरण की तरह पत्रकारिता भी संकट में : अमित नेहरा

**एनसीआर मीडिया क्लब ने शुक्रवार को मनाया विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस**

**इस साल का थीम वैश्विक पर्यावरण संकट के संदर्भ में पत्रकारिता और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का महत्व**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरुग्राम, 3 मई।** एनसीआर मीडिया क्लब के अध्यक्ष अमित नेहरा ने कहा है कि वैश्विक पर्यावरण की तरह अभिव्यक्ति की आजादी और पत्रकारिता भी संकट में है। क्लब ने लोकसभा चुनावों की व्यस्तता के चलते विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर एक ऑनलाइन संगोष्ठी का आयोजन किया था। इसमें दिल्ली, नोएडा, गुरुग्राम, फरीदाबाद, रोहतक, सोनीपत व झज्जर समेत उत्तर भारत के अनेक नामचीन पत्रकारों एवं सम्पादकों ने हिस्सा लिया और अपने विचार सांझा किए।

एनसीआर मीडिया क्लब के प्रेसिडेंट अमित नेहरा ने कहा कि यह दिन हर वर्ष प्रेस की स्वतंत्रता के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। यह दुनियाभर की सरकारों को 1948 के संयुक्त राष्ट्र संघ के मानव अधिकारों की सार्वभौम घोषणा के अनुच्छेद 19 के तहत अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार का सम्मान करने और उसे बनाए रखने के लिए अपने कर्तव्यों की याद दिलाता है। नेहरा ने बताया कि इस साल संयुक्त राष्ट्र संघ ने विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस का थीम वैश्विक पर्यावरण संकट के संदर्भ में पत्रकारिता और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का महत्व रखा है। उन्होंने कहा कि आज पर्यावरण तो संकट में है ही साथ ही प्रेस की आजादी भी खतरे में दिखाई देती है। पर्यावरण को बचाने और प्रेस के लिए सुरक्षित माहौल प्रदान करने के लिए सभी राजनीतिक दलों और सिविल सोसाइटीज को आगे आना होगा। इस वीडियो कांफ्रेंसिंग में अमित नेहरा, धर्मपाल धनखड़, उमेश जोशी, प्रदीप डबास, नवीन धमीजा, सरोज अग्रवाल, राज वर्मा, मनीष मासूम, अल्पना सुहासिनी, संजय मेहरा, उमेश गर्ग, भगत सिंह तेवतिया, सीमा गिल, संजय राघव, महेश शर्मा, मुकेश मंडल, सीमा सैनी, पवन नेहरा, सुशील कुमार, नफे सिंह, मुकेश बघेल, पीसी गुप्ता, रेनू कैलाश और प्रियंका सरकार सहित क्लब के अनेक पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। अनेक समाचार पत्रों एवं न्यूज चैनलों में सम्पादक रह चुके वरिष्ठ पत्रकार धर्मपाल धनखड़ ने कहा कि अनेक जगहों पर पत्रकारों के साथ पुलिस-प्रशासन की ज्यादतियों के समाचार मिले हैं जो कि निंदनीय हैं। सरकार को पत्रकारों के साथ बदसलूकी करने वाले अधिकारियों के साथ सख्ती से निपटना चाहिए।

इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार उमेश जोशी ने कहा कि पर्यावरण नष्ट हो जाने से पूरी दुनिया से प्राणियों का सफाया हो जायेगा और कलम पर पहरे से अभिव्यक्ति की आजादी का सफाया निश्चित है। हमें दोनों को बचाना चाहिए।

क्लब के सीनियर वाईस प्रेसिडेंट प्रदीप डबास ने कहा कि पत्रकारिता बिना डर या एहसान के होनी चाहिए। उन्होंने सभी पत्रकारों को इस रास्ते पर चलने की सलाह दी। एनसीआर मीडिया क्लब के जनरल सेक्रेटरी नवीन धमीजा ने कहा कि इस दिवस का उद्देश्य प्रेस की आजादी के महत्व के प्रति जागरूकता फैलाना है। यह दिन अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को बनाए रखने और उसका सम्मान करने की प्रतिबद्धता की बात करता है। वरिष्ठ पत्रकार एसके आहूजा ने कहा कि हमें वैश्विक परिदृश्य को ध्यान में रखकर पत्रकारिता करनी चाहिए और पर्यावरण संकट के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए। क्लब की वाईस प्रेसिडेंट सरोज अग्रवाल ने कहा कि सरकारों को पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए। सभी वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि पर्यावरण व प्रेस की सुरक्षा सुनिश्चित करना हर नागरिक का फ़र्ज़ है।

# हथीन थाना पुलिस ने मण्डकोला निवासी राहुल हत्या मामले में शामिल तीन आरोपीयों पर कसा शिकंजा



**समाचार गेट/हरिओम भारद्वाज**

**होडल।** डीएसपी पलवल श्री दिनेश यादव से प्राप्त जानकारी के अनुसार *डॉ अंशु सिंगला, पुलिस अधीक्षक पलवल द्वारा जिला पुलिस को अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने के सख्त निर्देश जारी किए हुए हैं* निर्देशों की पालना के तहत हथीन थाना पुलिस ने मण्डकोला निवासी राहुल हत्या मामले में शामिल तीन आरोपीयो को गिरफ्तार करने में विशेष सफलता हासिल की है। पुलिस इस मामले में गहराई से जांच कर रही है। डीएसपी पलवल श्री दिनेश यादव के अनुसार मामले में मृतक युवक राहुल के पिता शिवचरण ने बताया कि उसका लड़का राहुल 26 अप्रैल को निमंत्रण पर खाना खाने गया था। वापसी में उसके लड़के राहुल को गांव का ही नामजद युवक मिला। वह उसको अपने साथ ले गया। राहुल का मोबाइल 26 अप्रैल रात्रि नौ बजे बन्द था। उपरोक्त नामजद के साथ अन्य लड़के भी थे। उसी समय से राहुल लापता हो गया। इस मामले में हथीन थाना पुलिस ने 29 अप्रैल को गुमशुदगी का केस दर्ज कर तलाश शुरू की। 30 अप्रैल को सुबह राहुल की लाश जोहड़ में मिली। मामले में हत्या की धारा 302,201,34 आईपीसी जोड़ी गई। डीएसपी ने बताया कि एसपी महोदय के कुशल निर्देशन में कार्य करते हुए मंडकोला चौकी प्रभारी सहायक उप निरीक्षक अनिल कुमार के नेतृत्व में गठित जांच इकाई ने वारदात में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। दिनांक 1 मई 2024 को गिरफ्तार तीन आरोपियों में से एक को पहले ही क्राइम ब्रांच हथीन की टीम ने मुठभेड़ के दौरान वारदात में प्रयुक्त पिस्टल के साथ गिरफ्तार कर लिया था। जाँच एवं आरोपियों ने पूछताछ के दौरान बताया कि मृतक एवं आरोपी एक साथ बैठकर केएमपी एक्सप्रेसवे के नजदीक खाने पीने के लिए गए थे। वारदात में शामिल एक आरोपी के बुआ के लड़के के साथ मृतक की करीब 1 महीने पहले कहासुनी हो गई थी उसी रंजिश को रखते हुए आरोपियों ने राहुल के सिर में पिस्टल के कई बट मारे तथा लात घुसे मार मार कर एवं गला दबाकर उसकी हत्या कर दी तथा बाद में शव को मोटरसाइकिल पर ले जाकर जोहड़ में फेंक कर फरार हो गए। जाँच में 6 नामजद आरोपियों के नाम सामने आए हैं। गिरफ्तार किए गए आरोपियों को वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल एवं मोबाइल फोन की बरामदगी हेतु आज पेश अदालत कर पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा। मामले में फरार आरोपी जल्द ही पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

# हर्ष विहार मर्डर के आरोपी को दिल्ली पुलिस ने किया गिरफ्तार




**समाचार गेट/भावना कौशिश**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में 2 मई रात पुलिस और बदमाश के बीच एनकाउंटर हुआ। पुलिस ने कहा कि बदमाश ने पुलिस टीम पर गोली चलाई, जिसके बाद पुलिसकर्मी ने सेल्फ डिफेंस में हवाई फायरिंग की। भागते समय बुलेटप्रूफ जैकेट में लगी गोली थी। आरोपी को गिरफ्तार किया गया, उसके पास सेमी-ऑटोमेटिक पिस्तौल और कारतूस बरामद किए गए हैं। पुलिस ने उसके खिलाफ हत्या के प्रयास, आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। आरोपी से पूछताछ जारी है।

**पुलिस ने बताई पूरी सच्चाई**

पुलिस अधिकारी ने बताया कि क्राइम ब्रांच की ईस्टर्न रेंज (1) टीम को 2 मई रात लगभग 10:30 बजे सूचना मिली थी कि 30 अप्रैल को हर्ष विहार इलाके में अपने साथियों के साथ मिलकर युवक को गोलियां मारने वाला अवनीश कुछ देर में अपने साथियों से मिलने जाएगा। वह गाजीपुर से होते हुए गुजरेगा। आला अधिकारियों को सूचना दी गई। जिसके बाद एक टीम रेड के लिए तैयार की गई। टीम गाजीपुर पहुंचकर आरोपी का इंतजार करने लगी। देर रात करीब 1:30 बजे एक स्कूटी सवार आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया। आरोपी दावा करता है कि उसने पिस्टल निकालकर कॉन्स्टेबल अनिल कुमार पर गोली चलाई। अनिल ने फुर्ती दिखाते हुए खुद को बचाया, जिससे गोली उनकी बुलेटप्रूफ जैकेट पर लगी। उसके बाद अनिल ने हवाई फायरिंग की। आरोपी घबरा गया और फिर पुलिस ने उसे दबोच लिया।

# मॉडर्न स्कूल ने मनाया वार्षिक प्रशंसा दिवस



**समाचार गेट/दीपिका**

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद ने अपना वार्षिक प्रशंसा दिवस 2 मई को अपने भगवान महावीर सभागार में प्राथमिक और मध्य खंड के लिए पूर्ण उत्साह और जीवंतता के साथ मनाया । इस अवसर पर माननीय अतिथि डॉ. अमरदीप सिंह, जेएमआईसी,किशोर न्याय बोर्ड, फ़रीदाबाद के सदस्य, उदय गुप्ता-क्षेत्रीय पी.एफ. आयुक्त,फ़रीदाबाद और अमन यादव, एचपीएस, एसीपी क्राइम, फ़रीदाबाद के मोजूद थे। विद्यालय के प्रबंध निदेशक एस.के.जैन ने गुलदस्ते देकर अतिथियों का स्वागत किया। प्रधानाचार्या श्रीमती नीलिमा जैन ने भी गुलदस्ते देकर अतिथियों एवं अभिभावकों का स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती मां को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। इसके बाद मंत्रमुग्ध कर देने वाला समूह नृत्य परों को खोल देकक्षा 6 के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किया गया। प्रेरक गीत स्वीकारो परिवर्तन को ने एक नवोन्मेषी दृष्टिकोण से हर किसी का ध्यान खींचा। शैक्षणिक सत्र 2023-24 में उत्कृष्ट उपलबंध के लिए लगभग 190 मेधावी बच्चों को सम्मानित किया गया। 100% उपर्सथिति के साथ सभी नियमित छात्रों को भी इस अवसर पर सम्मानित किया गया। माननीय अतिथि अमरदीप सिंह, उदय गुप्ता और अमन यादव ने इस अवसर पर दर्शकों को संबोधित किया और छात्रों से अपने अध्ययन पर ध्यान केंद्रित करने की अपील की। उन्होंने इस अवसर पर उपर्सथित अभिभावकों से भी अपने व्यस्त कार्यक्रम से कुछ समय निकाल कर अपने बच्चों में एक समृद्ध और विकसित राष्ट्र निर्माण के लिए मूल्यों को स्थापित करने की अपील की। उप-प्रधानाचार्य विकास ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया।

# सलवान पब्लिक स्कूल में एक दिवसीय वैश्विक संगोष्ठी और कार्यशाला का किया आयोजन



**समाचार गेट/भावना कौशिश**

**गुरुग्राम।** सलवान पर्बलिक स्कूल, सेक्टर 15, गुरुग्राम, हरियाणा में एक दिवसीय वैश्विक संगोष्ठी और कार्यशाला का आयोजन किया। यह आयोजन अनी चाइल्डहुड डेवलपमेंट फोरम (ईसीडीएफ) ने सलवान एजुकेशन ट्रस्ट के सहयोग से किया गया संगोष्ठी और कार्यशाला का विषय समय विकास था। प्रारंभिक बचपन में भलाई के सभी पहलुओं को एकीकृत करना। इस कार्यक्रम में हरियाणा, दिल्ली, पुणे और असम के विभिन्न स्कूलों के स्कूल मालिकों, प्रिंसिपली और शिक्षकों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. विनीता कौल, प्रोफेसर एमेरिटा (शिक्षा) अंबेडकर विश्वविद्यालय, दिल्ली, डॉ. नीता बाली, सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल की निदेशक, डॉ. मयूरी दत, डॉन बॉस्को स्कूल, मालदा की निदेशक जैसे प्रख्यात शिक्षाविद् उपस्थित थे। पश्चिम बंगाल, डॉ. इंदु खेतरपाल, प्रधान संपादक, नवटिका, तिजय गुप्ता सीओओ और बचपन और एएचपीएस ग्रुप ऑफ स्कूल्स के संस्थापक, मनीष नायडू, ब्रेन वंडर्स के संस्थापक और कई अन्य। कुछ अंतरराष्ट्रीय वक्ताओं ने ऑस्ट्रेलिया के फ्यूचर स्ट्रॉन्ग एजुकेशन के सीईओ डॉ. कैथरीन मरे द्वारा बिलडिंग वेलबीइंग एंड शांत लर्निंग एनवायरमेंट और हांगकांग के प्रारंभिक बचपन शिक्षा विशेषज्ञ अबीनैल कैर द्वारा प्रारंभिक बचपन में भावनात्मक कल्याण को बढ़ावा देना जैसे हाइब्रिड सत्र आयोजित किए। ईसीई पर अपने निष्कर्षों और दृष्टिकोणों को साझा करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों से प्रख्यात वक्ता शामिल हुए हैं। उन्होंने हमारे साथ कुछ प्रमुख विशेषताएं साझा की हैं. अपना दृष्टिकोण देकर गहन विचार-विमर्श और चर्चा के माध्यम से अन्य अभ्यासकर्ताओं तक महत्वपूर्ण जानकारी प्रसारित की है।

इस आयोजन का फोकस प्रारंभिक बचपन क्षेत्र के विशेषज्ञों को एक छत के नीचे लाना और गुणवत्तापूर्ण विचार-विमर्श करना था जो प्रारंभिक बचपन के विकास के क्षेत्र में नवाचार लाने और जान के आधार को उन्नत करने में मदद करेगा, संस्थापक और डॉ. वासववी आचार्य ने कहा। इस वैश्विक मंच के अध्यक्ष, बच्चों को उनके व्यवहार में मार्गदर्शन करने और सकारात्मक रिश्ते बनाने में शिक्षक की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है, यह विचार दिन के मुख्य अतिथि विनय मित्तल ने व्यक्त किये। संगोष्ठी और कार्यशाला के बाद एक पुरस्कार समारोह आयोजित किया गया, जहां मंच ने शिक्षा नेताओं, शिक्षाविदों, प्रीस्कूल मालिको और कई अन्य लोगों को सम्मानित करने के लिए ग्लोबल पिनेकल एजुकेशन अवाईस प्रदान किए, जिन्होंने विभिन्न श्रेणियों के तहत प्रारंभिक बचपन शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय काम किया है। प्रारंभिक बचपन औरच12 शिक्षा के क्षेत्र में असाधारण योगदान।

# नामांकन के दिन शक्ति प्रदर्शन कर चुनावी रण में उतरे महेंद्र प्रताप



**पहले हुए नामांकन में शामिल फिर रैली को सफल बनाने के बाद कांग्रेस कार्यालय पर चुनाव की रणनीति बनाते कांग्रेस नेता विजय प्रताप, लुकमान रमीज एंव हथीन से कांग्रेस पूर्व प्रत्याशी चौधरी इसराईल अहमद, तरुण तेवतिया आदि। चित्र: समाचार गेट**

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

फरीदाबाद। लोकसभा चुनाव का शंखनाद करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान ने फरीदाबाद में कांग्रेस प्रत्याशी महेन्द्र प्रताप का नामांकन दाखिल कराया। महेन्द्र प्रताप सिंह की नामांकन सभा में उमडे जनसैलाब को देखकर सभी की जुबान पर बस एक ही बात थी कि फरीदाबाद में अब बदलाव की हवा शुरू हो गई है और जनता बदलाव चाहती है। नामांकन के समय ही सेक्टर 12 में रैली का आयोजन भी किया गया जहां पर कांग्रेस के एवं इंडिया गठबंधन के नेता भी महेंद्र प्रताप को समर्थन देने के लिए पहुंचे थे।

नामांकन के समय सेक्टर 12 की रैली में महेन्द्र प्रताप को समर्थन देने पहुंचे कांग्रेस के जोनल अध्यक्ष माइनॉरिटी डिपार्मेट हरियाणा प्रदेश एवं कोऑर्डिनेटर हरियाणा प्रदेश जिला मेवात प्रभारी ओबीसी सेल लुकमान रमीज ने कहा कि अब समय आ गया है जब जनता भाजपा के कुशासन और भ्रष्टाचार से मुक्ति पाने के लिए इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी चौधरी महेन्द्र प्रताप सिंह को भारी बहुमत से विजयी बनाएगी। उन्होंने कहा कि पिछले दस साल के शासन में फरीदाबाद के लोगों को सिवाय धर्म और जात-पात की राजनीति के अलावा कुछ नहीं मिला, इसलिए यहां के लोगों ने अब परिवर्तन का पक्का मन बना लिया है। नामांकन सभा में उपर्सथित हजारों की संख्या में पहुंचे लोगों ने एक तरह से चुनाव की शुरूआत में ही महेन्द्र प्रताप सिंह की जीत की गारंटी दे दी है। सेक्टर 12 में दूर-दूर से आए लोगों का उत्साह देखने लायक था और अबकी बार महेन्द्र प्रताप के नारों के साथ वातावरण पूरी तरह से कांग्रेसमय दिखाई दे रहा था।





## संपादकीय

# नेताओं ने कभी पिछड़े वर्ग का ध्यान नहीं रखा




**नरवीर यादव**
**कार्यकारी संपादक**

लोकसभा चुनावों में विपक्ष की ओर से संविधान और आरक्षण बचाने की दुहाई दी जा रही है तो सरकार का कहना है कि वह संविधान और आरक्षण की सुरक्षा के लिए चट्टान बन कर खड़ी रही है और आगे भी ऐसा ही करती रहेगी। देखा जाये तो इस बार के आम चुनाव में प्रचार में मुद्दे तो कई उठ रहे हैं लेकिन जनता के असल मुद्दे परिदृश्य से गायब होते जा रहे हैं। गरीबों की बात सभी दल कर रहे हैं। गरीब यह देख कर खुश हैं कि उन्हें बहुत याद किया जा रहा है लेकिन वह यह बात जानते हैं कि मतदान के बाद उनकी सुध लेने कोई नहीं आयेगा। सभी दल सामाजिक न्याय की बात भी कर रहे हैं लेकिन वास्तविक सामाजिक न्याय तभी होगा जब सबका आर्थिक सशक्तिकरण होगा। इसके अलावा शिक्षा को सस्ता कर सबके लिए सुलभ बनाया जायेगा।

सामाजिक न्याय की मांग सबसे पहले बिहार से उठी थी। यह मांग उठायी थी बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री बिंदेश्वरी प्रसाद मंडल ने। बिंदेश्वरी प्रसाद मंडल के राजनीतिक सफर की बात करें तो आपको बता दें कि बिहार के मधेपुरा संसदीय क्षेत्र के भागलपुर से अलग होने के बाद, मंडल ने संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी (एसएसपी) के टिकट पर 1967 का लोकसभा चुनाव जीता था। वह 1968 में थोड़े समय के लिए बिहार के मुख्यमंत्री भी बने थे। मंडल यादव समुदाय से थे और उन्हें दूसरे पिछड़ा वर्ग आयोग का अध्यक्ष भी बनाया गया था। 1978-80 के दौरान वह मंडल आयोग की रिपोर्ट के लेखक बने, जिसने अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए सरकारी नौकरियों में कोटा की सिफारिश की थी। मंडल आयोग की रिपोर्ट को 1990 में वीपी सिंह सरकार द्वारा लागू किया गया था। इस घटनाक्रम के बाद बिहार और उत्तर प्रदेश में कई क्षेत्रीय दलों का उदय हुआ था जोकि आज तक राजनीतिक परिदृश्य में काफी महत्व रखते हैं।

मधेपुरा शहर की चर्चा तो बहुत होती है लेकिन यह क्षेत्र विकास की बाट अब तक जोह रहा है। मधेपुरा से लगभग 10 किमी दूर, जैसे ही कोई पूर्णिया-सहरसा राजमार्ग से दाहिनी ओर मुड़ता है और रेलवे लाइन पार करता है तो टिन की छत वाले कच्चे घरों की श्रृंखला आपको दिखाई पड़ेगी। यहां पर मुरहो गांव के अंत में पूर्व मुख्यमंत्री बिंदेश्वरी प्रसाद मंडल का स्मारक है। मंडल स्मारक से बमुश्किल 100 मीटर की दूरी पर मुसहर टोले के एक कोने में, एक मिट्टी की झोपड़ी है, जहां क्षेत्र के पहले संसद सदस्य किराई मुसहर के पोते रहते हैं। यह बातें हम आपको इसलिए बता रहे हैं कि नीतीश कुमार, तेजस्वी यादव और राहुल गांधी की ओर से जाति जनगणना के मुद्दे पर राजनीति तो बहुत की गयी लेकिन पिछड़ों के लिए कुछ नहीं किया गया। यही नहीं मंडल के विचारों को भी इन दलों की ओर से दरकिनार कर दिया गया है।

देखा जाये तो देश की सामाजिक न्याय की राजनीति के अग्रदूत, मंडल की विचारधारा ने समाजवादी पार्टी (सपा) के संस्थापक दिवंगत मुलायम सिंह यादव, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद यादव और नीतीश कुमार सहित कई समाजवादी नेताओं को जन्म दिया। लेकिन इन दलों ने मंडल को भुला दिया। आज मंडल का पैतृक घर और उनके नाम पर स्मारक मुरहो गांव में उपेक्षा के शिकार दिखते हैं। इस गांव के लोगों का कहना है कि लालू और नीतीश ने सामाजिक न्याय आंदोलन को कमजोर कर दिया क्योंकि दोनों ने अपनी-अपनी जातियों को बढ़ावा दिया और दलितों को कुछ नहीं दिया इसीलिए वह अब भी गरीब बने हुए हैं। गांव के लोगों का कहना है कि महादलितों की हालत और इस गांव की हालत देख कर अंदाजा लगाया जा सकता है कि सामाजिक न्याय के मुद्दे पर राजनीति करने वालों ने देश और समाज को कुछ नहीं दिया।

# उत्तराखंड मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से 'यंगेस्ट प्रोफेशनल सिंगर ऑफ द वर्ल्ड' सत्यम उपाध्याय की मुलाकात

**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम का नाम विश्व पटल पर अंकित करने वाले 'यंगेस्ट प्रोफेशनल सिंगर ऑफ़ द वर्ल्ड' के खिताब से सम्मानित सत्यम उपाध्याय को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जी ने अपना आशीर्वाद दिया व उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं. सत्यम ने अपनी योजनाओं के सन्दर्भ में विस्तार से बताया जिसकी धामी जी ने सराहना कर बधाई दी.



राष्ट्रीय व अन्तरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त वर्सटायल सिंगर सत्यम उपाध्याय जिन्होंने चार वर्ल्ड रिकार्ड अपने नाम किये हैं. आपको हिंदुस्तान गौरव अवार्ड-2019, 'भारत गौरव रतन अवार्ड-2018', भारत श्री अवार्ड-2018, 'राजीव गाँधी एक्सीलेंस अवार्ड-2016','इण्डिया अचीवमेंट अवार्ड-2017'आदि कई सम्मानों से सम्मानित किया जा चुका है.

सत्यम ऑल इनडिया रेडियो, रेडियो मानव रचना, दूरदर्शन के कई कार्यक्रमों मे अपनी भागीदारी निभाते हुए पूरे विश्व में अपनी पहचान बना रहे हैं. 19 वर्ष के सत्यम ने मात्र 11 वर्ष की उम्र में वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया और अपने लक्ष्य की ओर निरंतर अग्रसर हैं।सत्यम ने उत्तराखंड हरिद्वार व ऋषिकेश में कार्यक्रम में भाग लिया और इससे पूर्व गुजरात, उड़ीसा, जयपुर, बनारस, राजस्थान, दिल्ली, मुंबई, हरियाणा आदि कई स्थानों पर सैंकड़ों बार प्रस्तुति दे चुके हैं। संगीत साधना है को अपना गुरुमंत्र मानते हैं व दिनरात अपनी पढाई के साथ रियाज़ करते हैं.आपके फेसबुक द कीड़ा, नज़र, हासिल, मेरा खुदा, क्यों तू नहीं, लापता सोंग हैं जिसकी चर्चा पूरे संगीत जगत में है. गुजरात व इलाहाबाद में राष्ट्रीय कार्यक्रम में भागीदारी निभाते हुए बेस्ट आर्टिस्ट का ख़िताब प्राप्त कर प्रथम स्थान पर रहे हैं. हाल ही में सत्यम के राम भजन राम राज को सभी ने बहुत सराहा व पसंद किया।

मुंबई में रहते हुए सत्यम ने अपनी लघु फिल्मों आखिरी मुकाम, अक्स और रहस्य के लिए लेखन, निर्देशन और मुख्य कलाकार के रूप में अभिनय किया है।मुंबई में अपनी मास कम्युनिकेशन की पढ़ाई करते हुए संगीत के साथ साथ रियाज़ कर रहे हैं, कमाल की बात यह है कि लगातार चार समेस्टर से कॉलेज में टॉप कर रहे हैं व कॉलेज के स्टूडेंट रिप्रेजेंटेटिव भी हैं व कॉलेज की सभी गतिविधियों में भाग लेते हैं और पढाई के साथ अपनी स्किल को निखारने में दिनरात एक कर रहे हैं.

हर तरह के वाद्य यंत्रों को बजाने में माहिर सत्यम प्रयाग संगीत समिति इलाहाबाद से गायन और वादन में प्रभाकर हैं और आपके ऑल इंडिया रेडियो और दूरदर्शन पर भी इनके कार्यक्रम प्रसारित होते रहते हैं व दर्जनों बार अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भी कार्यक्रम प्रस्तुत कर चुके हैं।

सत्यम संघर्ष कर एक एक सीढ़ी चढ़ना चाहते हैं ताकि गायकी की नींव मजबूत रहे। इसके लिए वे नियमित रियाज़ करते हैं और शास्त्रीय संगीत, भजन , ग़ज़ल, कव्वाली हर तरह की गायकी में अपनी पकड़ बना रहे हैं।

सत्यम को भजन सम्राट अनूप जलोटा जी और प्रसिद्ध बॉलीवुड संगीतकार प्यारेलाल जी का आशीर्वाद प्राप्त हुआ है।उनके लिए यह भी बड़ा मौका था जब उन्होंने ऋषिकेश के परमार्थ निकेतन आश्रम में अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त स्वामी चिदानंद सरस्वती जी के समक्ष राम भजन की गंगा के तट पर प्रभु शिव के समक्ष अपनी प्रस्तुति दी और आशीर्वाद प्राप्त किया।

आने वाले प्रोजेक्ट पर बात करते हुए वह बताते हैं कि अभी हाल ही में इन्होंने एक शॉर्ट फिल्म के लिए गीत गाया है जिसमें इनके साथ अल्का याग्निक और जावेद अली जी ने भी आवाज़ दी है। इन उपलब्धियों को देखते हुए सत्यम उपाध्याय का भविष्य बहुत उज्ज्वल है।

# बाल वाटिका 3 में सबसे अधिक दाखिले करने वालों को निदेशक ने किया सम्मानित

### नूंह जिले में अध्यापकों की कमी को जल्द ही करेंगे दूर : निदेशक मौलिक शिक्षा विभाग

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** जिले के खंड नूंह में गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल नूंह 2 में चल रहे बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान के प्रशिक्षण का निदेशक मौलिक शिक्षा विभाग रिपु दमन सिंह ढिल्लों ने औचक निरीक्षण किया और उन्होंने सभी अध्यापकों से बातचीत की और चल रहे प्रशिक्षण का फीडबैक प्राप्त किया। अध्यापकों ने फील्ड में आ रही है अपनी समस्याओं को भी निदेशक महोदय के सामने रखा और निदेशक महोदय ने कहा कि नुह जिले में शिक्षकों की कमी को वह जल्द ही पूरा करेंगे और बहुत जल्द 359 प्राथमिक शिक्षक नूंह को देंगे । उन्होंने कहा कि अब एफ एल एन को चौथी और पांचवी कक्षा तक लागू कर दिया गया है ताकि उच्चतम गुणवत्ता की प्राथमिक शिक्षा हमारे सभी सरकारी स्कूल में प्रदान की जाए और सभी अध्यापक प्रशिक्षण के दौरान सीखी गई बातों को बच्चों के साथ लागू करें और बच्चों को खेल-खेल में उनके माता-पिता की तरह पढ़ाएं ताकि प्रत्येक बच्चा निपुण बन सके और दाखिलों की संख्या ज्यादा से ज्यादा करें तथा प्रत्येक अध्यापक और शिक्षाधिकारी काम से कम दो ड्रॉपआउट बच्चों का दाखिला स्कूल में करवाएं। उन्होंने की रिसोर्स पर्सन अब्दुल वारिस, रवीना, राजेश, संगीता, कुलदीप, अमित राठी, परमजीत, साबिर, समीरा, मनीष और अध्यापकों से प्रशिक्षण का फीडबैक लिया तथा निपुण की टीम के प्रयासों की सराहना की । प्रोग्राम ऑफिसर डॉक्टर प्रमोद शर्मा ने बताया कि जुलाई महीने से शाला संगम कार्यक्रम की शुरुआत की जाएगी जिसमें क्लस्टर के सभी अध्यापक एक दूसरे से अपनी अच्छी प्रेक्टिस को सांझा करेंगे और इससे अनुभवों का आदान-प्रदान होगा और अध्यापक एक दूसरे से प्रेरित होंगे। इस मौके पर जिला शिक्षा अधिकारी परमजीत चहल , जिला मलिक शिक्षा अधिकारी सुखबीर सिंह, जिला एफ एल एन कोऑर्डिनेटर कुसुम मलिक ने निदेशक महोदय का धन्यवाद किया कि उन्होंने नूह में आकर सभी अध्यापकों का मनोबल बढ़ाया है और वह उनकी उम्मीदों पर खड़ा उतरेंगे तथा नूंह को निपुण बनाएंगे । निदेशक महोदय के साथ टीम में जिला एफ एल एन कोऑर्डिनेटर गुरुग्राम मनोज लाकड़ा नेशनल अवॉर्डी तथा जिला झज्जर एफ एल एन कोऑर्डिनेटर डॉक्टर सुदर्शन पूनिया उपस्थित रहे।



# अवैध खनन करने वालों के विरुद्ध होगी सख्त कार्रवाई : धीरेंद्र खडग़टा

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा ने कहा कि किसी को भी जिला में अवैध खनन करने की इजाजत नहीं दी जाएगी और अवैध खनन करने वालों के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित विडियो कॉन्फ्रेंसिंग हाल में जिला में अवैध माइनिंग को लेकर समीक्षात्मक बैठक को संबोधित कर रहे थे। उपायुक्त ने कहा कि जिला में अवैध माइनिंग करने वाले लोगों पर 1 अप्रैल 2023 से मार्च 2024 तक कुल एक करोड़ 2 लाख 57 हजार 497 का जुर्माना लगाया गया है। उपायुक्त ने बताया कि जिला में अवैध खनन करने वाले लोगों के व्हीकल इंपाउंड कर उन पर जुर्माना लगाया जाए। उन्होंने कहा कि जिला में ओवरलोडिंग गाडिय़ों पर लगाम लगाने के लिए अधिकारियों को कहा गया है कि वह सभी ई-रवाना रसीद की कॉपी जरूर रखें, ताकि जब भी कोई ओवरलोडिंग की गाड़ी पकड़ी जाए तो उसके लोड से मिलान हो सके और अतिरिक्त लोड होने पर उस पर कानूनी कार्रवाई की जा सके। इस अवसर पर एसडीएम नूंह विशाल, एसडीएम फिरोजपुर झिरका डॉ चिनार चहल, एसडीएम तावडू संजीव कुमार, डीएसपी सुरेन्द्र कुमार व जिला माइनिंग अधिकारी अनिल कुमार सहित जिला के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# आरोपियों से एक देशी पिस्टल एवं एक देशी कट्टा बरामद आरोपी गिरफ्तार




**समाचार गेट/हरिओम भारद्वाज**

**होडल।** पुलिस प्रवक्ता कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार डॉ अंशु सिंगला, पुलिस अधीक्षक पलवल के कुशल नेतृत्व में जिला पुलिस द्वारा एक विशेष अभियान अवैध हथियार धारकों की धरपकड़ के संबंध में चलाया हुआ है। इसी मुहिम के अंतर्गत क्राइम ब्रांच हथीन प्रभारी उप निरीक्षक दीपक गुलिया की टीम में तैनात हेड कांस्टेबल यशवीर एवं अशोक कुमार ने थाना हथीन क्षेत्र अंतर्गत गांव मंडकोला निवासी युवक को हथीन- मंडकोला रोड से देशी पिस्टल अवैध हथियार सहित गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। इसी प्रकार दूसरे मामले में डिटेक्टिव स्टाफ पलवल प्रभारी उप निरीक्षक तेजपाल सिंह की टीम में तैनात हेड कांस्टेबल छोटू राम एवं इरफान ने थाना मुंडकटी क्षेत्र अंतर्गत गांव मित्रोल निवासी एक आरोपी को हिमाचली ढाबा जो ह।।-19 हाईवे पर सर्विस रोड नजदीक टाटा मोटर्स,मित्रोल से ही देशी कट्टा अवैध हथियार सहित काबू किया। उपरोक्त मामलों में आरोपियों के विरुद्ध संबंधित थानों में शस्त्र अधिनियम के तहत अभियोग पंजीबद्ध कर कार्यवाही अमल में लाई जा रही है।

# शांतिपूर्वक मतदान के लिए अधिकारियों ने झोंकी ताकत

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** आगामी 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर अधिकारियों ने शांतिपूर्वक चुनाव करवाने की दिशा में ताकत झोंक दी है। एसडीएम सुरेंद्र सिंह,तहसीलदार संदजीव नागर,नायब तहसीलदार दलबीर सिंह दुगगल सहित भू-राजस्व एवं पंचायत एवं विकास विभाग के कर्मचारी प्रत्येक मतदान केंद्र पर पंहुच कर निरीक्षण करने में जुटे हुए हैं। मतदान केद्रों पर नाम व भाग संख्या लिखवाई जा रही है वहीं पेयजल एवं शौचालय सम्बंधी व्यवस्था भी दुरूस्त की जा रही है। कनीना तहसील के स्याणा से लेकर भोजावास-मुंडिया खेडा तक सभी मतदान केंद्रो पर जाकर अवलोकन किया जा रहा है। अटेली हलके में 6 गावों में 18 मतदान केंद्र अति संवेदनशील तथा 11 गावों के 26 मतदान केंद्र संवेदनशल माने गए हैं। जहां मतदान के दौरान अतिरिक्त पुलिस फोर्स की जरूरत रहेगी।

# पुलिस ने छापेमारी कर भोजावास से बरामद की 810 मीलीग्राम स्मैक

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** शहर थाना पुलिस ने चेलावास में छापेमारी कर एक व्यक्ति कर व्यक्ति से 810 मीलीग्राम नशीला पदार्थ स्मैक बरामद करने में सफलता हासिल की है। इस बारे में पुलिस ने गुप्ता सूचना के आधार पर छापेमारी की योजना तैयार की। जिसके चलते ईटीओ राजबीर सिंह को राजपत्रित अधिकारी के रूप में साथ लिया ओर राजकीय प्राथमिक पाठशाला के समीप चेलावास में दबिश दी। बताया गया कि चेलावास में नशे का कारोबार किया जाता है। पुलिस ने बब्लू नामक व्यक्ति को काबू पर पूछताछ की जिसके दाहिनी जेब में रखे सिल्वर पेपर में स्मैक रखी हुई थी। कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद पुलिस ने ड्यूटी मैजिस्ट्रेट के सामने तलाशी ली गई तो सिल्वर पेपर से स्मैक बरामद हुई। इलेक्ट्रोनिक कांटे पर वजन किया तो 810 मीलीग्राम मिला। पुलिस ने आरोपी बब्लू के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# एसडीएम कार्यालय के सामने घटित सडक हादसे में तीन घायल



**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना-महेंद्रगढ सडक मार्ग पर दोपहर एक बजे घटित सडक हादसे में बाईक सवार महिला व पुरूष घायल हो गए। जानकारी के अनुसार एक बाईक पर सवार होकर पुरूष व महिला महेंद्रगढ की ओर से कनीना बस स्टैंड की ओर जा रहे थे एसडीएम कार्यालय के सामने पंहुचे तो एक चालक कार को मोड रहा था। बाईक चालक ने जैसे ही कार को बचाना चाहा तो वह एक पद यात्री से टकरा गया। पद यात्री सहित बाईक सवार महिला व पुरूष सडक पर गिर गए। जिन्हें चौट लगी। गनीमत रही कि इस दौरान कोई हलका-भारी वाहन सडक पर नहीं आया। जिससे बडा हादसा टल गया। राहगीरों की मदद से घायलों को उठाया ओर अस्पताल भेजा जहां चिकित्सकों ने उनका उपचार किया। बता दें कि एसडीएम कार्यालय के सामने आमजन तथा वाहनों की भीड रहती है। जिससे हादसा होने की संभावना बनी रहती है। प्रबुधजनों ने एसडीएम कार्यालय के सामने स्पीड ब्रेकर बनाने की मांग की है।

# जिलाधीश धीरेंद्र खडग़टा ने नीट परीक्षा के मद्देनजर नियुक्त किए ड्यूटी मजिस्ट्रेट

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** जिलाधीश धीरेंद्र खडग़टा ने दंड प्रक्रिया संहिता-1973 की धारा 22 ( ।) व 23 ( ॥) के तहत जिला में आगामी 5 मई को आयोजित होने वाली नीट की परीक्षा के मद्देनजर कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए नूंह व फिरोजपुर झिरका में बनाए गए विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किए हैं। ड्यूटी मजिस्ट्रेट दंड प्रक्रिया संहिता-1973 में निहित कार्यकारी मजिस्ट्रेट की शक्तियों के अनुसार कार्य करेंगे।

जिलाधीश के आदेशों अनुसार नूंह में पुलिस लाइन में स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में एसडीओ मेवात वॉटर सर्विसेज डिविजन अजयदेव को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है व हिंदू हाई स्कूल के नजदीक स्थित हिंदू विद्या निकेतन स्कूल में नायब तहसीलदार नरेंद्र को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार पीडब्ल्यूडी फिरोजपुर झिरका के एसडीओ आस मोहम्मद को राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल फिरोजपुर झिरका पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है तथा बागवानी विकास अधिकारी फिरोजपुर झिरका श्याम सिंह को अरावली पब्लिक स्कूल मूसानगर फिरोजपुर झिरका पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। इस दौरान एसडीएम नूंह व एसडीएम फिरोजपुर झिरका परीक्षा के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए ओवरऑल इंचार्ज रहेंगे।

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र समाचार गेट City24News शहर आपका, खबर आपकी
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
अब आपके शहर में
फरीदाबाद
दिल्ली, चंडीगढ, गुरुग्राम, फरीदाबाद, नोएडा, सोनीपत, नारनौल, रेवाड़ी, कनीना, नूंह, पलवल, सोहना, हथीन, भिवानी से एक साथ प्रसारित।
Contact: 9212339503, 9818180269

BHANU PRATAP SINGH
96876221651 9978622651
HiTECH ENGINEERING
MFG OF: PROGRESSIVE STAMPING TOOLS AND DIES , JIG FIXTURE GAUGES SPM , POWER PRESS HYDRAULIC PRESS AND PRECISION SHEET METAL COMPONTNTS
SHED NO. 66/67, VISHWAKARMA IND.ESTATE ROAD NO.5, G.I.D.C.,KATHWADA, AHMEDAVBAD - 382430.
hitech493@gmail.com
bpsingh493@gmail.com
www.hitechpowerpressindia.com

समाचार गेट
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार को
आवश्यकता है
● हरियाणा के प्रत्येक जिले में ब्यूरो चीफ
● उपमंडल व ब्लॉक स्तर पर संवाददाता
● ग्रामीण संवाददाता ● फोटोग्राफर
● विज्ञापन प्रतिनिधि
इच्छुक युवक-युवती अपना बायोडेटा मेल करें-
krishna24news@gmail.com
मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा)
संपर्क करें: 9818180269

# हर्ष कुमार द्वारा फरीदाबाद लोकसभा प्रत्याशी महेंद्र प्रताप के समर्थन करने पर आ गया कांग्रेस कार्यकर्ताओं में जोश

**समाचार गेट/हरिओम भारद्वाज**

**होडल।** होडल में एक महा पंचायत मै पूर्व मंत्री हर्ष कुमार के द्वारा फरीदाबाद लोक सभा प्रत्यासी महेंद्र प्रताप समर्थन करने पर में कैसे कांग्रेस कार्यकर्ताओं में जोश आ गया है और जनता अब लोकसभा से प्रत्यासी महेंद्र प्रताप की जीत को पक्का मान रहे है।

वही पूर्व मंत्री हर्ष कुमार ने हजारों समर्थकों के साथ जजपा को अलविदा कह कर कांग्रेस प्रत्याशी वायदा किया है जी होडल हथीन से अच्छे मार्जन से जीता कर भेजेगे चौधरी हर्ष ने महेंद्र प्रताप का नामांकन भरवाने के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक दी है अपने हजारों समर्थकों के साथ हर्ष कुमार महेंद्र प्रताप का नामांकन करने पहुंचे हर्ष कुमार द्वारा बताया गया की महेंद्र प्रताप के नामांकन भरवाने के लिए फरीदाबाद लोक सभा की जनता मै भारी खुशी दिखाई दी भी बताया गया की होडल हथीन से भी हजारों की संख्या मै लोग नामांकन कराने पहुंचे फरीदाबाद नामांकन पहुंचे लोगो का महेंद्र प्रताप ने दिल से आभार जताया और वादा किया की था जीत मेरी नही फरीदाबाद की जनता की जीत होगी जो मेरे लोक सभा के लोगो का में सदा ऋणी रहूंगा वही जेजेपी को छोड़ कांग्रेस समर्थन देने पर चौधरी हर्ष कुमार जोरदार स्वागत किया और धन्यवाद किया वही हर्ष कुमार ने भी महेंद्र प्रताप को भारी मतों से जीतने का भरोसा दिलाया।



# अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में विदाई समारोह का आयोजन

**समाचार गेट ब्यूरो**

**बल्लभगढ़।** शुक्रवार को अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के सभागार में बीए. व बी.वॉक (रिटेल मैनेजमेंट) कक्षाओं के लिए महाविद्यालय के प्रधान देवेंद्र कुमार गुप्ता के दिशा निर्देशानुसार व महाविद्यालय के महासचिव एडवोकेट दिनेश गुप्ता के मार्गदर्शन में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य डॉ० संजीव गुप्ता, संयोजक व इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ० जयपाल सिंह, अंग्रेजी विभागाध्यक्ष श्रीमती कमल टंडन व अन्य वरिष्ठ प्रवक्तागणों द्वारा किया गया। संयोजक डॉ० जयपाल सिंह ने कार्यकारी प्राचार्य डॉ० संजीव गुप्ता व अन्य अतिथियों का औपचारिक स्वागत किया व तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों के महाविद्यालय के विकास में योगदान को सरहाया। महाविद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि आज तृतीय वर्ष के विद्यार्थी महाविद्यालय व यहां के शिक्षकों को छोड़कर उच्च शिक्षा के लिए महाविद्यालयों व विश्वविद्यालयों में दाखिला लेंगे और अपने सपनों को नया आयाम देंगे, यहां जो सीखा है वह आपको नए सफर पर ले जाएगा। प्राचार्य जी ने महाविद्यालय अपने कॉलेज के दिनों को याद करते हुए कहा कि मुझे भी अपने वो दिन याद आते हैं जब हम भी कभी इसी मुकाम पर खड़े थे। जो सवाल जो खुशी और जो उत्साह आपके मन में है कल वह मेरे मन में भी था द्य मुझे भी दुख था पुराने साथियों और शिक्षकों से बिछड़ने का मगर खुशी भी थी कुछ नया करना है। प्राचार्य जी ने सभी के उज्जवल भविष्य की कामना भी की। नीरज को मिस्टर बीए., गीतिका को मिस बीए. ,मनीषको मिस्टर बी वॉक व वंशिका को मिस बी वॉक रिटेल मैनेजमेंट चुना गया। इसके अलावा तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों में से सबसे ईमानदार, बुद्धिमान, और आकर्षक, जिम्मेदार,कठिन परिश्रमी, आज्ञाकारी, सृजनशील, अनुशासित, मासूम व ऑल राउंडर जैसे खिताबों से भी नवाजा गया। आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने नृत्य गायन भाषण व कविता पाठ आदि की प्रस्तुतियां दी। तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों ने महाविद्यालय में अपने अनुभवों को भी सांझा किया और कहा कि अग्रवाल महाविद्यालय ने उन्हें सर्वश्रेष्ठ बनने के लिए मंच प्रदान किया है व महाविद्यालय ने जो उन्हें अनमोल यादें दी हैं वे वास्तव में अमूल्य हैं, मित्रता व सामाजिक मेलजोल कॉलेज जीवन के सबसे अच्छे पहलुओं में से एक है और कहा कि अब हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण पड़ाव समाप्त हो रहा है द्य विदाई समारोह के सफल आयोजन के लिए महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य डॉ० संजीव गुप्ता ने कार्यक्रम संयोजक डॉ०जयपाल सिंह, श्रीमति कमल टंडन, डॉ० अशोक निराला, डॉ० रामचंद्र, डॉ० गीता गुप्ता ,डॉ० सारिका कार्जलिया ,डॉ० सुप्रिया ढांडा,डॉ० पूजा सैनी, सुभाष, डॉ० पूनम रौतेला व लवकेश आदि के मेहनत को सरहाया द्य समारोह का समापन डॉ० गीता गुप्ता के धन्यवाद ज्ञापन द्वारा हुआ।




# जननायक जनता पार्टी के उम्मीदवार नलिन हुड्डा बदलेंगे लोकसभा चुनाव की फिजा : देवेंद्र सोरोत



**समाचार गेट/हरिओम भारद्वाज**

**होडल।** जननायक जनता पार्टी के फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी नलिन हुड्डा को लेकर जजपा के जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह सोरोत ने कहा कि इस बार चुनाव बहुत ही रोमांचक होने वाला है। उन्होंने कहा जजपा के फरीदाबाद लोकसभा प्रत्याशी नलिन हुड्डा पूरी तरह राजनीतिक फिजा को बदल देंगे। वह एक संघर्षशील स्वच्छ छवि के युवा नेता हैं। फरीदाबाद जिले में जाट मतदाता निर्णायक भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि ज्यों ज्यों चुनाव प्रक्रिया आगे बढेगी , नलिन हुड्डा का कारवां बढ़ता जाएगा। जननायक जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह सोरोत ने जजपा के प्रत्याशी नलिन हुड्डा के नामांकन प्रक्रिया में शामिल होने के बाद आज होडल स्थित अपने कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि जननायक जनता पार्टी इस लोकसभा चुनाव में बहुत ही दमदार उपर्स्थिति दर्ज कराने जा रही है। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौर में नेताओं का आना जाना एक सामान्य सी बात है। प्रदेश की जनता ताऊ देवीलाल के पदचिन्हों पर चलते हुए पार्टी को आगे बढ़ाने वाले युवा नेता दुष्यंत चौटाला पर जनता आज भी भरोसा करती है। उन्होंने कहा कि हम पूरी ताकत के साथ चुनावी मैदान में उतर रहें हैं। जिला अध्यक्ष देवेंद्र सोरोत ने कहा कि बहुत जल्द पार्टी के शीर्ष नेतृत्व अजय चौटाला, दुष्यंत चौटाला दिग्विजय चौटाला क्षेत्र में बड़ी जनसभा करेंगे उधर नलिन हुड्डा की युवा टीम के साथ जजपा की पूरी टीम जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों को जजपा की जनकल्याणकारी योजनाओं से जनता को अवगत कराते हुए चुनाव को बहुत अच्छे परिणाम की ओर ले जाएंगे।



# हरियाणा भारत स्काउट्स एंड गाइड्स राज्य मुख्यालय चंडीगढ़ में आयोजित वार्षिक मीटिंग

**समाचार गेट/हरिओम भारद्वाज**

**होडल।** हरियाणा भारत स्काउट एंड गॉड्स राज्य मुख्यालय चंडीगढ़ में आयोजित वार्षिक मीटिंग मे कार्यकारिणी के सदस्यों को नियुक्ति पत्र सौंपे तथा बेहतरीन कार्यों के लिए जिले की टीम को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अमनीत पी कुमार (आईएएस) स्टेट कमिश्नर कब बुलबुल सचिव बाल व महिला कल्याण विभाग हरियाणा तथा अध्यक्षता संस्था के सचिव मनीराम शर्मा (आईएएस) श्रम आयुक्त हरियाणा सरकार द्वारा की गई तथा संचालन स्टेट ट्रेनिंग कमिश्नर एलएस वर्मा व रोमा सपरा द्वारा किया गया। कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए जिला संगठन आयुक्त पलवल योगेश सौरोत ने बताया जिला शिक्षा अधिकारी पलवल अशोक बघेल के मार्गदर्शन में जिला कार्यकारिणी स्थापित की गई है। जिसमें जिसमें चरण सिंह तेवतिया अध्यक्ष एसआरएस इंटरनेशनल स्कूल को जिला कमिश्नर स्काउट, प्रधानाचार्य मुक्ता शर्मा को जिला कमिश्नर गाइड, ज्ञानचंद अध्यक्ष एचजीएम गुरुकुलम तथा बृजेश शर्मा अध्यक्ष किडजी माउंट एरा को असिस्टेंट कमिश्नर स्काउट, सीमा राजवंशी प्रधानाचार्य डी ए वी पुलिस पर्बलिक स्कूल व प्रवक्ता मोनिका मदान को असिस्टेंट कमिश्नर गाइड, प्रवक्ता विष्णु गौड को सचिव, महेश शर्मा अध्यक्ष एसडी पर्बलिक स्कूल को जॉइंट सेक्रेटरी स्काउट व प्रवक्ता मीना देवी को जॉइंट सेक्रेटरी गाइड के नियुक्ति पत्र सौंपे।

जिले के प्रत्येक विद्यालय में स्काउट गाइड यूनिट स्थापना व सफल संचालन के लिए प्रवक्ता शारदा पाराशर को जॉइंट डीओसी गाइड, रोहतास को जॉइंट डीओसी स्काउट, प्रभु दयाल हंस को जॉइंट डीटीसी, मोनिका देशवाल व कपिल देशवाल को कोऑर्डिनेटर हथीन, गीता देवी व वीर सिंह को कोऑर्डिनेटर होडल, अर्चना व नरेंद्र को कोऑर्डिनेटर हथीन, कुसुम लता व अयोध्या प्रसाद को कोऑर्डिनेटर हसनपुर नियुक्त किया। इस अवसर पर जिले में 27000 स्काउट गाइड का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन होने पर जिले की टीम व अभियान के कोऑर्डिनेटर डीटीसी हरीश चंद को शील्ड देकर सम्मानित किया।






# मोदी जी ने सेट किये विकास के नए आयाम : चेतन शर्मा



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** हरियाणा में भाजपा का संगठन बहुत मजबूत है और कार्यकर्ताओं के दम पर हरियाणा की सभी 10 की 10 लोकसभा सीट और करनाल की विधानसभा सीट भाजपा जीतने जा रही है । भाजपा कार्यकर्त्ता एक-एक वोट कमल पर डलवाकर हरियाणा में सभी सीटों पर कमल खिलाएंगे और मोदी जी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनायेंगे । लोकसभा फरीदाबाद की चुनावों की तैयारियों के निमित शुक्रवार को फ़रीदाबाद जिला कार्यालय 'अटल कमल' पर जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा के नेतृत्व में फरीदाबाद जिला संगठन की महत्वपूर्ण बैठक में पूर्व अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर एवं खेल प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश संयोजक चेतन शर्मा ने बैठक में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ चुनाव प्रबंधन और बूथ प्रबंधन के कार्य की समीक्षा की और संगठनात्मक विषयों पर महत्वपूर्ण चर्चा की । बैठक में जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा और जिला महामंत्री सुरेन्द्र जांगड़ा एवं मनोज वशिष्ठ, जिला उपधाध्यक्ष सुखबीर मलेरना, लक्ष्मण तंवर, कपिल अरोड़ा, ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष भगवान सिंह, महिला मोर्चा जिला महामंत्री अलका भाटिया, सीमा भारद्वाज, सीमा शर्मा, भाजपा जिला सचिव मुकेश अग्रवाल, दर्शन लाल कुकरेजा आदि उपस्थित रहे । चेतन शर्मा ने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा सरकार देश के लोगों को मजबूत करने का कार्य कर रही है । पिछले 10 सालों में मोदी जी ने देश को आर्थिक तौर पर मजबूत किया है और विकास के नए आयाम सेट किये हैं । विकास की इस गति को बनाये रखने के लिए मोदी जी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाना है । एक एक कार्यकर्त्ता को बूथ को मजबूत करने और बूथ को जीतने के कार्य में लग जाना है । फरीदाबाद लोकसभा के सभी 2160 बूथों पर पहले से 370 वोट ज्यादा प्राप्त करके कमल खिलाने का कार्य करना है। जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा ने भी कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करते हुए संगठनात्मक विषयों पर विस्तृत चर्चा की और कह कि लोकसंपर्क के माध्यम से कार्यकर्ता बूथ पर घर घर जाकर वोट के सत्यापन का कार्य करें और 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में मत पेटी के अंदर एक-एक वोट कमल पर डलवाने का कार्य करें। राजकुमार वोहरा ने अन्य संगठनात्मक विषयों पर भी कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया ।

# फरीदाबाद में 7.59 करोड़ हड़पने के मामले में 16 गिरफ्तार

**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद में हुई अब तक की सबसे बड़ी साइबर ठगी के मामले पर फरीदाबाद पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। इस साइबर ठगी के तार चीन से भी जुड़े हुए हैं। इस मामले में अब तक अब तक 16 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों से भारी मात्रा में अलग-अलग बैंकों की पासबुक व चेक बुक, सैकड़ों सिम कार्ड समेत 14 लाख की नकदी भी बरामद की गई है।



गिरफ्तार आरोपियो में गिरफ्तार आरोपियो में प्रशान्त कुमार(34)(12 कक्ष) वासी बैंगलोर कर्नाटक,, सईद मो. जिशान(22)(बीटेक) वासी गांव कुसुर कंला जिला सन्त कबीर नगर उत्तर प्रदेश, सईद सुहेल(32) (12 कक्ष) वासी गांव नथर जिला सिदार्थ नगर उत्तर प्रदेश, हरि किशन(27)(9 कक्षा) वासी कोटगेट बीकानेर राजस्थान, राम सिंह उर्फ ढल्लु(37)(बीबीए) वासी मुक्ता प्रसाद नगर बीकानेर राजस्थान, आकाश (27)(बीए) वासी टण्डन रोड आदर्श नगर दिल्ली, रोहित (34) (12 कक्ष) वासी आदर्श नगर दिल्ली, महेन्द्र उर्फ रितेश(26)(12 कक्ष) वासी भोपालगढ जोधपुर राजस्थान, दिनेश कुमार(26)(बीए) वासी सारण नगर बनाङ जोधपुर, दिपेन्द्र(31) वासी रामपरस्ता ग्रीन सैक्टर 7 वैशाली गाजियाबाद, रिंकू(30) (12 कक्ष) वासी बीकानेर राजस्थान का, इंद्रजीत(36) (12 कक्ष) वासी लोधी रोड बीकानेर राजस्थान, राहुल(28) एमटेक वासी पुगल रोड बीकानेर तथा आरोपी दिनेश कुमार(31)(बीए) रानी बाजार बीकानेर का रहने वाले का नाम शामिल है।

साइबर पुलिस टीम ने राहुल अपने गुप्त सूत्रों से व तकनीकी सहायता से गिरफ्तार किया है। आरोपी राहुल को वारदात में प्रयोगशुदा एक मोबाइल फोन बरामद करवाया। आरोपी रिंकू , इन्द्रजीत , कैलाश और राहुल को गिरफ्तार कर अदालत में पेश कर पूछताछ व वरामदगी के लिए 6 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया । पुलिस रिमांड के दौरान आरोपी दिनेश को गिरफ्तार किया गया जिसको अदालत में पेश कर 03 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया। दरअसल, बीते दिनों फरीदाबाद के सेक्टर 15 की रहने वाली एक लडक़ी ने साइबर पुलिस को शिकायत दी थी। जिसमें उसने स्टॉक मार्केट में करीब 7 करोड़ 59 लख रुपए की ठगी होना बताया था।

इसके बाद फरीदाबाद के पुलिस कमिश्नर राकेश कुमार आर्य ने एक कमेटी का गठन किया, जिसमें साइबर एसीपी अभिमन्यु गोयत को इस एसआईटी का इंचार्ज बनाया और अन्य पुलिसकर्मी भी शामिल किए गए। कार्रवाई करते हुए एसआईटी की टीम ने अब तक कार्रवाई करते हुए 16 लोगों को गिरफ्तार किया है। यह सभी लोग हरियाणा सहित आसपास के राज्यों के रहने वाले हैं। जिनका सीधा लिंक चीन से बताया जा रहा है। शुक्रवार को जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता सुबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी आसपास के लोगों को साइबर ठगी का शिकार बनाते हैं और उनसे पैसे वसूल कर उन्हें डॉलर में कन्वर्ट कर चीन भेजते हैं। ऐसा करने के लिए इन्हें मोटा कमीशन मिलता है। फिलहाल पुलिस ने गिरफ्तार किए हुए आरोपियों से लगभग 14 लाख रुपए सहित विभिन्न बैंकों की पासबुक चेक बुक एटीएम कार्ड सैकड़ों सिम और मोबाइल फोन बरामद किए हैं।

पुलिस इस पूरे मामले में अभी और लोगों का इस पूरे मामले से लिंक बता रही है। बचे हुए आरोपियों को भी जल्द पुलिस गिरफ्तार कर लेगी।

# भाजपा की दमनकारी नीति से नहीं झुकने वाली देश की जनता : दीपक बावरिया

## कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव ने फरीदाबाद से भरी हरियाणा में सत्ता परिवर्तन की हुंकार





**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं हरियाणा के प्रभारी दीपक बाबरिया ने शुक्रवार को फरीदाबाद की धरती से हरियाणा में परिवर्तन की हुंकार भरते हुए कहा कि साल 2024 देश की दिशा और दशा बदलने वाला है। उन्होंने भाजपा पर हमलावर होते हुए कहा कि देश-प्रदेश में भाजपा ईस्ट इंडिया कंपनी की तर्ज पर कार्य करते हुए दमनकारी नीति अपनाकर लोकतंत्र को कमजोर कर रही है। लेकिन अब देश की जनता इनके जोर-जुम्मों के आगे झुकने वाली नहीं है और आने वाले चुनावों में वोट की चोट से चलता करेगी। बाबरिया शुक्रवार को फरीदाबाद के सेक्टर-12 मैदान में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी पूर्व मंत्री चौधरी महेन्द्र प्रताप सिंह के पक्ष में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी चौधरी महेन्द्र प्रताप सिंह, पूर्व मंत्री हर्ष कुमार, विधायक नीरज शर्मा, पूर्व विधायक शारदा राठौर, पूर्व विधायक रघुवीर सिंह तेवतिया, पूर्व विधायक ललित नागर, पूर्व विधायक योगेश शर्मा, वरिष्ठ नेता विजय प्रताप सिंह, लखन कुमार सिंगला, मोहम्मद इसराईल चौधरी सहित लोकसभा क्षेत्र के सभी 9 विधानसभा क्षेत्रों के हजारों की संख्या में लोग मौजूद थे। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव दीपक बाबरिया ने कहा कि केन्द्र की नरेन्द्र मोदी व अमित शाह की सरकार देश के मात्र एक प्रतिशत उद्योगपतियों के हित में कार्य कर रही है और 80 प्रतिशत जनता अपनी बेहाली पर आंसू बहा रही है। इलेक्ट्राल बांड के जरिए देश को लूटा जा रहा है।

उन्होंने कहा कि देश में कानून का शासन खत्म हो रहा है। मौजूदा सरकार ने युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड किया है। आज देश का युवा बेराजगारी के दलदल में फंसता जा रहा है जो एक बडी चिंता का विषय है। कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी दीपक बाबरिया भारी भीड से गदगद उपस्थित जनसैलाब को वचन दिया कि कांग्रेस की सरकार बनते हुए आम गरीबों के हित में कार्य किया जाएगा। कांग्रेस की सरकार जीरो टोलरेंश की नीति अपनाते हुए हर वर्ग के हत्थान के लिए कार्य करेगा। उन्होंने सरेआम ऐलान किया कि गरीबों के आसियाने पर बलडोजर चलाने की नीति को पूरी तरह से खत्म किया जाएगा क्योंकि कांग्रेस ने हमेश गरीबों को बसाने का कार्य किया जबकि भाजपा ने गरीबों को उजाडने का कार्य किया है। उन्होंने महिलाओं के उत्थान का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस की सरकार महिलाओं के हितों में कार्य करेगी। गरीब महिलाओं को एक लाख सालाना दिया जाएगा वहीं युवाओं को भी एक लाख सालाना बेरोजगारी भत्ता दिया जाएगा।

उन्होंने उपस्थितजनों से आह्वान किया कि वह इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी चौधरी महेन्द्र प्रताप सिंह को भारी वोटों से जिताकर देश में राहुल गांधी को बडी ताकत प्रदान करें। उन्होंने लोगों से अपने जोश को बनाए रखने की अपील करते हुए प्रचार व प्रसार में जुट जाने का भी आह्वान करते हुए कहा कि जिस प्रकार का जोश हरियाणा में लोगों का दिख रहा है उससे साफ है कि फरीदाबाद सहित हरियाणा की सभी दस की दस लोकसभा सीटों पर विजय को निश्चत रूप से प्राप्त करेगी वहीं हरियाणा में बनने वाली अगली सरकार भी कांग्रेस की होगी। प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने पर सभी कर्मठ और निष्ठावान कार्यकर्ताओं को सरकार के विभिन्न निगम और बोर्डों में एडजेस्ट किया जाएगा वहीं संगठन में भी सम्मानित पदों पर नियुक्ति देकर सम्मान किया जाएगा।

इस मौके पर प्रदेश प्रवक्ता तरूण तेवतिया, बलजीत कौशिक, योगेश गौड, सुमित गौड, जेपी नागर, पराग शर्मा, रतिराम, संजीव चौधरी, मोहम्मद बिलाल, ईसराईल चौधरी, मुकेश शर्मा, जगत नागर, आप पार्टी के जिलाध्यक्ष हरेन्द्र भाटी, प्रवेश मेहता, आभाष चंदीला, राजाराम ठाकुर, मास्टर ऋषिपाल, सत्यवीर डागर, पूर्व मेयर डॉ.अतर सिंह व सूबेदार सुमन, अब्दुल गफ्फार कुरेशी, युद्धवीर झा, संजय कौशिक चेयरमैन, गुलशन बगगा, कुलदीप नागर सरपंच, दीपक चौधरी पार्षद, हरेन्द्र भडाना पार्षद, कैलाश बैंसला पार्षद, महेन्द्र सरपंच, राव महेन्द्र, रिंकू चंदीला, जितेन्द्र भडाना पार्षद, भरत अरोडा, अश्वनी कौशिक, एसएल शर्मा, नितिन सिंगला, अनिल नेताजी, जितेन्द्र चंदेलिया, बिजेन्द्र मावी, राजेश खटाना, विकास वर्मा, इशांत कथूरिया, संजय सोलंकी, विनोद कौशिक आदि अनेकों मौजूद थे।

# कृष्णपाल गुर्जर के पक्ष में प्रचार कर रहे उपमहापौर मनमोहन गर्ग

## सेक्टर 14 एवं नहरपार सोसाइटियों में किया जनसम्पर्क

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** नगर निगम फरीदाबाद के निवर्तमान उपमहापौर मनमोहन गर्ग ने कहा है कि भाजपा के 10 साल शासन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत की साख को विश्व पटल पर बढ़ाने का काम किया है। जो देश पहले भारत को कमजोर समझते थे आज वही भारत को सर्वशक्तिमान मानते हैं और उसके साथ संबंध जोडने.के लिए आतुर हैं।



गर्ग सेक्टर 14 व नहरपार सोसाइटियों में केंद्रीय राज्यमंत्री व भाजपा उम्मीदवार कृष्णपाल गुर्जर के पक्ष में आयोजित नुक्कड़ सभाओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश को मोदी जी के रूप में ऐसा मजबूत प्रधानमंत्री मिला है, जिसका डंका विदेशों में भी बजता है। अमेरिका, रूस, जापान सरीखे देश मोदी जी की कार्यशैली के मुरीद हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि 2047 तक विकसित भारत का सपना मोदी जी ने देखा है, उसे साकार करने के लिए हम सभी को एकजुट होकर भाजपा उम्मीदवार कृष्णपाल गुर्जर के पक्ष में 25 मई को अधिक से अधिक वोट डालकर कमल को खिलाने का काम करना है। जिससे तीसरी बार मोदी जी को देश की बागडोर संभाल सकें और भाजपा उम्मीदवार अपनी हैट्रिक लगा सकें। उन्होंने कहा कि 10 साल के कार्यकाल में फरीदाबाद में अभूतपूर्व विकास हुआ है। फरीदाबाद को दिल्ली, नोएडा, गुरुग्राम के साथ जोडने. का काम किया है। जिससे यहां उद्योगों के साथ साथ व्यापारिक गतिविधियों में भारी इजाफा हुआ है और फरीदाबाद ने कनेक्टिविटी के मामले में देश में अपनी अलग पहचान बनाई है। पिछले साढ़े नौ साल में मनोहर सरकार में सबका साथ सबका विकास की नीति पर चलते हुए विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं वहीं अब मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी प्रदेश को विकास की ओर अग्रसर करने को तत्पर हैं। इस मौके पर सोसाइटी निवासियों ने अपनी समस्याओं से भी गर्ग को अवगत कराया। गर्ग ने आश्वासन देते हुए सभी समस्याओं का निदान चुनाव के तुरन्त बाद करवाने की बात कही। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोगों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने में सरकार कोई कसर बाकी नहीं छोड़ेगी।

# नरेंद्र जैन शिरडी सांई बाबा टेंपल सोसाइटी का कोऑर्डिनेटर नियुक्त

**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** प्रमुख समाजसेवी नरेंद्र जैन को सांई धाम तिगांव रोड द्वारा शिरडी सांई बाबा टेंपल सोसाइटी का कोऑर्डिनेटर नियुक्त किया गया। संस्था के संस्थापक मोतीलाल गुप्ता ने बताया कि नरेंद्र जैन के सामाजिक कार्यों को देखते हुए उनकी यह नियुक्ति की गई है । नरेंद्र जैन ने अपनी इस नियुक्ति पर मोतीलाल गुप्ता जी , केए पिल्लई, बीनू शर्मा एवं सांई धाम की पूरी कमेटी का धन्यवाद किया और विश्वास दिलाया कि वह अपनी पूरी निष्ठा के साथ संस्था द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों में अपना पूर्ण योगदान देंगे।



# तीस लाख के लालच में दोस्त संग मिलकर किया गर्लफ्रेंड का कत्ल, आरोपी हुए गिरफ्तार

**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद में केजीपी पुल के पास यमुना नदी में मिले युवती के शव और उसके ब्लाइंड मर्डर की वारदात से पुलिस ने पर्दा उठा दिया है। उसका दोस्त ही हत्यारा निकला है। लडक़ी के खाते से 30 लाख रुपए निकाले गए थे। पुलिस इस मामले में पड़ताल करते हुए उसके दोस्त के पास पहुंची तो मर्डर में खुलासा हो गया। इसमें क्राइम ब्रांच डीएलएफ ने दीपक व साथी कृष्ण का गिरफ्तार किया है। उसके खाते में रुपए देखकर इनको लालच आ गया था। फरीदाबाद में 21 मार्च को छायंसा के केजीपी पुल पर यमुना नहर के पास एक अज्ञात युवती का शव मिला था। उसके गले पर काफी चोट के निशान थे। युवती की गला दबाकर हत्या करके शव यहां पर डाला गया था। पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ हत्या की धाराओं में थाना छायंसा में केस दर्ज किया गया है। बाद में मृतक युवती की पहचान रेनू (24) के तौर पर हुई थी। वह उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले की रहने वाली थी। डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा ने मामले की तह तक जाने और अपराधियों की जल्द गिरफ्तारी के निर्देश दिए थे। एसीपी क्राइम अमन यादव की अगुआई में सीआईए डीएलएफ प्रभारी संदीप की टीम मामले में जांच में लगी थी। एसीपी क्राइम अमन यादव ने शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत में बताया कि लडक़ी की हत्या में पुलिस ने दीपक (31) व कृष्ण (30) को गिरफ्तार किया है। दोनों



आरोपी गांव जखोपुर सोहना गुरुग्राम के रहने वाले हैं। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी दीपक मृतका रेनू (24) को 5/6 साल से जानता था। वह उसके साथ रह रहा था। रेनू 2/3 साल से बाहर रह रही थी। फिलहाल गुरुग्राम में आई थी। वह एक अफोर्डेबल हाउस की तलाश में थी। रेनू ने इसके लिए अपने दोस्त दीपक से बात की। दीपक को इसके बाद पता चला कि रेनू के पास मोटी रकम है। वह लालच में आ गया। पुलिस के अनुसार दीपक ने रेनू के खाते से 30 लाख रुपए ट्रांसफर करा लिए। इसके बाद वह युवती को घुमाने के बहाने से केजीपी ,यमुना नदी लेकर गए और मौका देखकर अपने साथी कृष्ण के साथ मिलकर रस्सी से गला दबा कर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि लडक़ी के शव को छिपाने के लिए उन्होंने छायंसा केजीपी पुल के पास लाश को फेंक दिया। पुलिस के अनुसार आरोपी दीपक पर पहले भी चोरी का एक केस झज्जर में दर्ज है। आरोपी गुरुग्राम में एक सैलून चलाता है। उसके साथी कृष्ण का बैंड बजाने का काम है। दोनों आरोपियों को मुकदमे में पूछताछ व वारदात में प्रयोग सामान की बरामदगी के लिए पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

# कांग्रेस प्रत्याशी महेंद्र प्रताप फरीदाबाद से हासिल करेंगे बड़ी जीत : नीरज गुप्ता

**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** हरियाणा कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता नीरज गुप्ता ने कहा है कि कांग्रेस प्रत्याशी महेंद्र प्रताप फरीदाबाद लोकसभा सीट से लाखों मतों से विजय हासिल करके नया कीर्तिमान रचेंगे। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद में अब तक के इतिहास में ऐसा पहली बार होगा, जब कांग्रेस प्रत्याशी यहां से बड़ी जीत हासिल करेंगे। यहां जारी प्रेस बयान में नीरज गुप्ता ने कहा कि आज फरीदाबाद में कांग्रेस की लहर चल रही है, शहरी क्षेत्र हो या ग्रामीण, हर कोई कांग्रेस उम्मीदवार के पक्ष में लामबंद हो चुका है और लोगों को इंतजार है तो बस 25 मई का, जब मतदान की तिथि आएगी, उस दिन लोग वोट की चोट से भाजपा सरकार को करार जवाब देने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि आज समूची कांग्रेस पार्टी एकजुट है और फरीदाबाद से इस कोने से लेकर



पलवल के उस कोने तक प्रत्येक कांग्रेस कार्यकर्ता खुद को महेंद्र प्रताप मानकर चुनावी समर में कूद चुका है और लोगों को कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने के लिए जागरुक कर रहा है। श्री गुप्ता ने कहा कि भाजपा के दस सालों का शासन किसी बुरे सपने से कम नहीं है, इस दौरान जहां भ्रष्टाचार और महंगाई बढ़ी वहीं लोगों के रोजगार और कामधंधे पूरी तरह से ठप्प होकर रह गए। आज हालात यह हो गए है कि गरीब, मजदूर, दलित, पिछड़ा वर्ग पानी पी-पीकर भाजपा को कोस रहा है। उन्होंने लोगों से कहा कि अब भाजपा की दिन लद चुके है और फिर से कांग्रेस का खुशहाली का दौर आने वाला है इसलिए इस उत्साह को कम न होने दे और 25 मई को कांग्रेस प्रत्याशी महेंद्र प्रताप के पक्ष में भारी मतदान करके फरीदाबाद के विकास में अपना योगदान दें।

# पांच मई को नूंह जिला के चार परीक्षा केंद्रों पर होगी एनईईटी की परीक्षा

**जिलाधीश धीरेंद्र खडग़टा ने परीक्षा केंद्रों के आस-पास लगाई धारा-144**

**फोटोस्टेट की दुकानें खोलने पर रहेगा प्रतिबंध**

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** जिला नूंह में राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा पांच मई को चार विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर एनईईटी (यूजी) की प्रवेश परीक्षा का आयोजन करवाया जाएगा। एनईईटी परीक्षा को लेकर जिलाधीश धीरेंद्र खडग़टा ने परीक्षा के दिन निर्धारित परीक्षा केंद्रों के आस-पास धारा-144 लगा दी है। परीक्षा के दिन पांच मई को दोपहर एक बजे से सायं छह बजे तक या परीक्षा प्रक्रिया समाप्त होने तक परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में फोटोस्टेट से संबंधित सभी दुकानें बंद रखने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा भीड़ एकत्रित करने तथा हथियार (जैली, कुल्हाड़ी, चाकू आदि) लेकर चलने पर भी पाबंदी रहेगी। इसके अतिरिक्त परीक्षा को लेकर बाहर से आने वाले परिक्षार्थियों के आगमन और ठहराव के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन को भी कड़े निर्देश दिए गए हैं। परीक्षा केंद्रों पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति व्यवस्था के लिए भी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

**इन केंद्रों पर होगी परीक्षा :** एनटीए द्वारा नूंह जिला में चार केंद्रों पर पांच मई को परीक्षा का आयोजन करवाया जाएगा, जिनमें राजकीय मॉडल संस्कृति सी.से. स्कूल फिरोजपुर-झिरका, डीएवी पब्लिक स्कूल पुलिस लाइन नूंह, अरावली पब्लिक स्कूल मूसा नगर फिरोजपुर-झिरका, हिंदू विद्या निकेतन स्कूल, वार्ड नंबर 12 पंडित मौहल्ला नूंह परीक्षा केंद्र शामिल हैं।

# सड़कों पर सुरक्षित यातायात सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है सड़क सुरक्षा समिति : उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा

**उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा की अध्यक्षता में हुई जिला सडक़ सुरक्षा समिति की मासिक बैठक**

**कहा, जिला में ओवर लोडिंग व अवैध माइनिंग जैसी गतिविधियां नहीं चलने दी जाएंगी**

**ओवर लोडिंग वाहनों के 167 चालान कर लगाया 73 लाख 83 हजार रुपए का जुर्माना**

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला सडक़ सुरक्षा समिति व खनन गतिविधियों की समीक्षा बैठक हुई, जिसमें सडक़सुरक्षा संबंधी पहलुओं पर विभिन्न विभागों को जरूरी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। समिति ने स्थानीय सडक़ मार्गों पर सुरक्षा व ट्राफिक नियमों की अनुपालना करने के लिए विभिन्न बिंदुओं पर विचार किया गया।

उपायुक्त ने कहा कि गत दिनों आरटीए ने ट्रैफिक नियमों की अवहेलना करने वाले व ओवर लोडिंग वाहनों के 167 चालान किए गए और उन पर 73 लाख 83 हजार रुपए का जुर्माना किया। उन्होंने कहा कि इन चालानों की संख्या बढ़ाई जाए, ताकि लोग यातायात नियमों की अनुपालना शुरू कर दें। उपायुक्त ने कहा कि जिला में ओवर लोडिंग व अवैध माइनिंग जैसी गतिविधियां नहीं चलने दी जाएंगी। जिला सडक़ सुरक्षा समिति जनमानस को सडक़ सुरक्षा के महत्व के प्रति जागरूक करने और सडक़ों पर सुरक्षित यातायात सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। सडक़ों पर सुरक्षित यातायात के लिए संबंधित विभाग जरूरी कार्यवाही करें। उन्होंने सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के तहत सडक़ के साथ लगते स्कूलों के सामने स्पीड ब्रेकर बनाने के निर्देश भी दिए ताकि विद्यार्थियों को स्कूल प्रवेश या बाहर आते समय यातायात संबंधी कोई भी समस्या ना हो। राष्ट्रीय राजमार्गों पर स्थित एंबुलेंस मौजूद हो और उसकी लोकेशन नजदीकी थानों व अस्पतालों से भी होनी चाहिए। सडक़ों व चौराहों पर स्थित सभी ट्रैफिक लाइटें चालू रहनी चाहिएं। सीसीटीवी कैमरों की एक जगह कनेक्टिविटी करते हुए एक बड़ा कंट्रोल रूम तैयार करवाया जाए, जहां से पूरे शहर व सडक़ों पर स्थित कैमरे की कनेक्टिविटी रहे। उन्होंने कहा कि सडक़ों पर स्थित अवैध कटों को बंद किया जाए तथा स्कूलों के सामने सडक़ पर जहां संभव हो, वहां पर ब्रे्रकर जरूर बनाए जाएं। उन्होंने कहा कि तावड़ू बाईपास पर चौक खराब स्थिति में है, इसे हटाकर वहां पर ट्रैफिक लाइट लगाई जाए। केएमपी पर टूटी ग्रिल ठीक करवाई जाएं, जहां पर रोड खराब हैं, वहां उसे ठीक करवाया जाए तथा इस पर लाइटें भी चालू रखी जाएं। उपायुक्त ने क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण व पुलिस विभाग को निर्देश दिए कि वाहनों पर ट्राई एंगल में रिफलेक्टर टेप लगाई जाएं, ताकि रात्रि समय में वाहनों को दूर से देखना संभव हो सके। इसके लिए पूरा जिला में अभियान चलाया जाए तथा रिकशा, रेहड़ी, ट्रैक्टर-ट्राली, बड़े वाहन सहित अधिक से अधिक वाहनों को कवर किया जाए। यह सुरक्षा की दृष्टि से बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य है। उन्होंने कहा कि राज्य व नेशनल हाइवे पर अतिक्रमण को तुरंत हटवाया जाए। इस अवसर पर एसडीएम नूंह विशाल, एसडीएम फिरोजपुर झिरका डॉ चिनार चहल, एसडीएम तावडू संजीव कुमार, डीएसपी सुरेंद्र कुमार व जिला माइनिंग अधिकारी अनिल कुमार सहित जिला के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# केबल ऑपरेटर व सिनेमाघर संचालक चुनाव प्रचार के विज्ञापन एमसीएमसी कमेटी के प्रमाण-पत्र के साथ ही प्रसारित करें : धीरेंद्र खडग़टा

**मोहर व हस्ताक्षर वाली सीडी को ही विज्ञापन के लिए किया जाए उपयोग**



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** लोकसभा आम चुनाव के दौरान केबल ऑपरेटर व सिनेमा हॉल संचालक राजनैतिक व चुनाव प्रचार संबंधी विज्ञापन एमसीएमसी कमेटी के प्रमाण-पत्र के बगैर प्रसारित नहीं कर सकते हैं। बिना प्रमाण पत्र के चुनाव प्रचार-प्रसार से संबंधित विज्ञापन प्रसारित करने पर संबंधित के खिलाफ आवश्यक कार्यवाही की जा सकती है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने बताया कि चुनाव आयोग के निर्देश पर जिला स्तरीय मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी (एमसीएमसी) का गठन किया जा चुका है। कमेटी द्वारा विज्ञापन के लिए प्राप्त आवेदन व उससे संबंधित कंटेंट को चेक किया जाएगा, जिसके बाद सक्षम प्राधिकारी द्वारा प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा तथा विज्ञापन की सीडी पर भी मोहर व हस्ताक्षर होंगे। केबल ऑपरेटर को विशेष ध्यान रखना है कि केवल मोहर व हस्ताक्षर वाली सीडी को ही विज्ञापन के लिए चलाया जाए। सभी केबल ऑपरेटरों व सिनेमाघर संचालक चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित नियमों की अनुपालना सुनिश्चित करें। उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा ने बताया कि विज्ञापन प्रसारण के लिए संबंधित उम्मीदवार को एनैक्सचर-ए में आवेदन करना होगा, जिस पर विचार करके एमसीएमसी कमेटी विज्ञापन प्रसारण के लिए एनैक्सचर-बी फार्म में प्रमाण-पत्र देगी। विज्ञापन प्रसारण का प्रमाण पत्र लेने के लिए आवेदनकर्ता को प्रसारित किए जाने वाले विज्ञापन की दो प्रतियां सीडी में देनी होंगी। साथ ही सीडी में दी गई प्रचार सामग्री की स्क्रिप्ट की दो प्रतियां भी आवेदन के साथ जमा करवानी होंगी। राष्ट्रीय व राज्य स्तर पर पंजीकृत राजनैतिक पार्टी व उनके उम्मीदवारों को विज्ञापन प्रमाण पत्र के लिए प्रसारण के कम से कम तीन दिन पहले आवेदन करना होगा। विज्ञापन प्रमाण पत्र के लिए प्राप्त आवेदनों पर एमसीएमसी कमेटी तीन दिन के अंदर फैसला लेगी। उपायुक्त ने बताया कि अगर किसी विज्ञापन के प्रसारण पर कमेटी को आपतति है तो वह आवेदन को निरस्त कर सकती है या फिर विज्ञापन को दुरूस्त करने के लिए संबंधित उम्मीदवार को लिख सकती है। इसके लिए संबंधित पक्ष को 24 घंटे का समय दिया जाएगा और उसे विज्ञापन को दुरूस्त करके दोबारा आवेदन करना होगा।

# मात्र 4-5 बार पहनने पर टूटा वकील का लिबर्टी कंपनी का जूता

**वकील ने कंज्यूमर कोर्ट में की शिकायत।**

**लिबर्टी शोरूम को कंज्यूमर फोरम ने लगाई फटकार।**

**उपभोक्ता को जूते की रकम 9 प्रतिशत ब्याज सहित वापिस करने के आदेश।**

**10 हजार रुपये मानसिक पीड़न के लिए भी आदेश।**



**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** जिला न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता व सीएलजी कमेटी के चेयरमैन सुनील भार्गव एडवोकेट ने एक शिकायत डिस्टिक कंज्यूमर डिस्प्यूट रिड्रेसल कमीशन रेवाड़ी में दायर की थी, जिसमें सुनील भार्गव एडवोकेट ने कोर्ट को बताया कि उन्होंने एक जोड़ी जूता लिबर्टी शोरूम रेवाड़ी से 3299 रुपए में खरीदा था लेकिन कुछ दिनों के बाद उस जूते का सोल टूट गया। जब सुनील भार्गव लिबर्टी शोरूम पर जूते को दिखाने गए तो लिबर्टी शोरूम के मैनेजर ने वापस लेने से मना कर दिया कि यह जूता हमारे गारंटी पीरियड 6 महीने से बाहर है। इस शिकायत को सही मानते हुए कंज्यूमर फोरम अध्यक्ष संजय कुमार खंडूजा व राजेंद्र प्रसाद मेंबर कंज्यूमर रीडरसल ने 1 मई 2024 को अपना फैसला सुनाया, जिसमें उन्होंने लिबर्टी शोरूम को आदेश दिए की 3299 रूपये 9 प्रतिशत ब्याज के हिसाब से 45 दिन के अंदर वापस करें।

अगर 45 दिन में पैसा वापस नहीं करते हैं तो लिबर्टी शोरूम को 12 प्रतिशत के ब्याज के हिसाब से अदायेगी करनी होगी, इसके साथ-साथ कंज्यूमर फोरम अध्यक्ष एस के खंडूजा ने यह आदेश दिए की 10000 की राशि मानसिक प्रताड़ना व शिकायत के खर्चे की अदायगी करनी होगी। अगर वह यह अदायगी नहीं करते हैं तो सुनील भार्गव को यह अधिकार होगा की वह अपनी राशि प्राप्त करने के लिए कंज्यूमर कमिशन में अपनी दोबारा शिकायत दायर कर सकते हैं और इसमें लिबर्टी शोरूम के मैनेजर व कंपनी के मालिक को 3 साल की कैद या 1 लाख जुर्माना और दोनों हो सकते हैं।

# 22 साल से जिला पुलिस कर रही जमीन इस्तेमाल, ना अधिग्रहण, ना मुआवजा, ना रास्ता

**किसानों ने हरियाणा के सीएम को भेजा सतीश खोला के माध्यम से मांग पत्र।**



**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** गांव फिदेड़ी के किसान राजेंद्र, मित्रसेन, रामकिशन, उदयभान, परमानंद, हरकेश, देशराज, जितेंद्र, जसवंत, अमित, सत्यनारायण और गीता देवी ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को भाजपा नेता डॉ. सतीश खोला के माध्यम से न्याय दिलवाने के लिए मांग पत्र भेजा है। उन्होंने कहा जिला पुलिस लाइन रेवाड़ी में पुलिस विभाग ने बिना अधिग्रहण किए हुए भी जमीन पर कब्जा किया हुआ है, मुआवजा भी नही दिया और चारदिवारी बना ली, जाने का रास्ता भी नही है। किसानों ने श्री खोला को बताया कि 22 साल पहले जिला प्रशासन द्वारा पुलिस लाइन के लिए भूमि का अधिग्रहण किया था जिसमें मुश्तील नंबर 11 किला नंबर 21/3 रकबा 8 मरला भी अधिकृत किया गया था, उसका मुआवजा नही दिया लेकिन पुलिस विभाग ने बाउंड्री वॉल करके उस जमीन को अपने कब्जे में ले रखा है। अनेकों अधिकारीयों ने मौका निरीक्षण भी किया हुआ है। जिला प्रशासन के अधिकारी डीआरओ, तहसीलदार, पटवारी, गिरदावर सभी ने जांच रिर्पोट भी भेज रखी है लेकिन अभी तक कोई भी समाधान नहीं हुआ।

आज ग्रामीणों ने भाजपा नेता सतीश खोला के कार्यालय पर आकर शिकायत के माध्यम से मुख्यमंत्री हरियाणा नायब सिंह सैनी से गुहार लगाई है कि करोड़ों रुपयों की जमीन है, सालों से पुलिस विभाग इस जमीन का इस्तेमाल कर रहा है, इसका जल्द मुआवजा दिलाया जाए या जमीन पर कब्ज़ा छोड़ा जाए या उन्हें इस जमीन तक जाने का रास्ता दिलाया जाए, क्योंकि पुलिस विभाग की चारदीवारी हो गई है उसमें अंदर जाने के लिए अब कोई रास्ता नहीं है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में सभी संबंधित अधिकारियों से मुलाकात कर स्थिति बताई जा चुकी है लेकिन अभी तक उनका कोई समाधान नहीं हुआ है। यह सारा मामला 2002 के आस पास का है 22 साल पहले पुलिस लाइन रेवाड़ी के लिए जमीन का अधिगृहण किया था। विभाग के सभी दफ्तर, मकान बन चुके है लेकिन किसानों को अभी तक कुछ भी नहीं दिया गया। भाजपा नेता सतीश खोला ने कहा कि यह मामला उनके संज्ञान में आया है सारा मामला मुख्यमंत्री जी को मेल के द्वारा भेज दिया गया है। किसानों को जल्द उचित न्याय मिलेगा।

# टीपी स्कीम से वृंदावन के दर्शन कर लौटा श्रद्धालुओं का दल

**कलश यात्रा में शामिल महिलाओं के लिए हुआ था आयोजन।**




**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** नगर की कालोनी टीपी स्कीम से महिला श्रद्धालुओं का एक दल वृंदावन के लिए रवाना हुआ था। इस दल में 90 महिलाओं समेत सौ से अधिक श्रद्धालु शामिल थे। इस धार्मिक यात्रा का आयोजन टीपी स्कीम कांप्लेक्स की श्री गणेश महोत्सव समिति की ओर से किया गया था।

धार्मिक यात्रा को समिति के संरक्षक सतीश अग्रवाल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। समिति के मीडिया प्रमुख गोपाल शर्मा ने बताया कि यात्रा का आयोजन गणेश उत्सव कलश यात्रा में शामिल महिला श्रद्धालुओं के लिए किया गया है। वृंदावन बिहारीलाल और राधे रानी के जयकारों के बीच प्रात: पाँच से ही महिला श्रद्धालुओं ने टीपी स्कीम कांप्लेक्स पहुंचना शुरू कर दिया था। यात्रा को लेकर महिलाओं में खासा उत्साह देखा गया। महिला श्रद्धालु भजन गाते हुए बसों वृंदावन के रवाना हुई। समिति के चेयरमैन अनिल सैनी, प्रधान मुकेश अग्रवाल, सचिव प्रेम गेरा, महिला अध्यक्ष अर्चना कौशिक, उपाध्यक्ष सुनीता गोयल, सचिव रेखा अग्रवाल के संचालन में रवाना हुए श्रद्धालु वृंदावन क्षेत्र के विभिन्न धार्मिक स्थलों का दर्शन कर देर शाम तक वापस लौट आई है।

# न्यायिक परिसर में 11 मई को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत : सीजेएम

**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**



**रेवाड़ी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से शनिवार 11 मई को रेवाड़ी स्थित न्यायिक परिसर सहित बावल व कोसली में भी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। परिवादी राष्ट्रीय लोक अदालत में आपसी सुलह व समझौते के आधार पर स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से केस का निपटारा करा सकते हैं। सीजेएम एवं सचिव जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण अमित वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि गुरूवार 9 मई को स्थाई लोक अदालत रेवाड़ी व जिला उपभोक्ता फोरम में भी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक लोन से संबंधित मामले, मोटर एक्सीडेंट, एनआई एक्ट, फौजदारी, रेवेन्यू, वैवाहिक विवाद का निपटारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि न्यायालय में लंबित मामलों को परस्पर सहयोग व सौहार्दपूर्ण माध्यम से निपटाने के लिए राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि यदि किसी व्यक्ति का कोई मामला न्यायालय में लंबित है तो वह राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से उसका निस्तारण करा सकता है। उन्होंने बताया कि लोक अदालत में दोनों पक्षों की आपसी सहमति व राजीनामे से सौहार्दपूर्ण वातावरण में पक्षकारों की रजामंदी से विवाद निपटाया जाता है। इससे शीघ्र व सुलभ न्याय, कहीं कोई अपील नहीं, अंतिम रूप से निपटारा, समय की बचत जैसे लाभ मिलते हैं।







समाचार गेट
TITLE CODE : HARHIN11569
स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सेक्टर-6, नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादक: कृष्णा शर्मा। संपादकीय कार्यालय: मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरपी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकार: बृहमदत शर्मा, 9818180269, ईमेल : krishna24news@gmail.com

# लोकसभा चुनाव को लेकर जिला पुलिस ने बावल व कोसली क्षेत्र में निकाला फ्लैग मार्च

**निर्भीक होकर अपने मत का करें प्रयोग व शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का करें सहयोग।**

**निष्पक्ष व स्वतंत्र रूप से चुनाव करवाना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता,**

**पुलिस द्वारा प्रत्येक संदिग्ध पर रखी जा रही है पैनी नजर : एसपी**



समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया

**रेवाड़ी।** एसपी शशांक कुमार सावन के दिशा निर्देश पर जिला पुलिस ने शुक्रवार को लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न कराने व कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए बावल व कोसली क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च का नेतृत्व डीएसपी बावल नरेंद्र सांगवान व डीएसपी कोसली जयसिंह द्वारा किया गया। फ्लैग मार्च में आइटीबीपी व पुलिस के जवान शामिल रहे।

फ्लैग मार्च के दौरान लोगों से भयमुक्त मतदान करने की अपील की गई। बावल क्षेत्र में फ्लैग मार्च बनीपुर चौक से शुरू होकर संगवाड़ी, जड़थल, मुकुन्दपुर बसई, गढ़ी बोलनी, कसौली, बगथला, मुण्डनवास, मंगलेशर मांजरी, रायपुर, सूबासेडी, शाहपुर व बावल एरिया में निकाला गया। इसी क्रम में कोसली क्षेत्र में फ्लैग मार्च गंगायचा टोल प्लाजा से शुरू होकर रोडहाई, पाल्हावास, गुरावड़ा, गुडियानी, गुगोढ़, कोसली, भाकली, नठेडा, नाहड, करोली मोड़, शहादतनगर, दड़ोली, बेरली कला व जाटूसाना एरिया में निकाला गया। पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने कहा कि निष्पक्ष व स्वतंत्र चुनाव करवाना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद व तैयार है। चुनाव में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी व लोगों में भय पैदा करने वालों के खिलाफ पुलिस द्वारा सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिले के संवेदनशील व अतिसंवेदनशील बूथों पर सुरक्षा के अतिरिक्त इंतजाम रहेंगे। आचार संहिता का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ भी पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी।

# अमेठी से राहुल गांधी के चुनाव न लड़ने पर अनिल विज ने ली चुटकी -डर गया बई डर गया राहुल गांधी डर गया



समाचार गेट ब्यूरो

**अम्बाला, 3 मई।** डर गया बई डर गया राहुल गांधी डर गया ये शब्द हरियाणा के पूर्व गृह मंत्री अनिल विज ने 'राहुल गांधी के अमेठी से स्मृति ईरानी के सामने चुनाव न लड़कर रायबरेली से आज अपना नामंकन भरने को लेकर कहे। साथ ही विज ने राहुल गांधी, शरद पवार व भूपेंद्र सिंह हुड्डा पर भी जमकर जुबानी प्रहार किया।

पत्रकारों से बातचीत करते हुए हरियाणा के पूर्व गृह मंत्री अनिल विज ने राहुल गांधी के अपनी परम्परागत सीट अमेठी से चुनाव न लड़कर रायबरेली से चुनाव लड़ने पर तंज कसते हुए कहा डर गया बई डर गया राहुल गांधी डर गया।

विज ने कहा कि राहुल गांधी स्मृति ईरानी के सामने चुनाव लड़ने से डर गए है क्योंकि वहां पर लोगो को काम का हिसाब देना पड़ेगा, इसलिए वे रायबरेली से चुनाव लड़ रहे है। राहुल गांधी के बलात्कारियो के लिए वोट मांगने पर विज ने कहा कि राहुल गांधी कभी भी विकास की बात तो करते नहीं, इसी तरह से बातें करते है इसलिए अब उनकी बातो का क्या जवाब दे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि कांग्रेस शहजादे को पीएम बनवाने को उतावला है, पर अनिल विज ने कहा कि राहुल गांधी और कांग्रेस का अलग अलग राष्ट्रीय मुद्दों पर जो दृष्टिकोण रहा है उससे पाकिस्तानी जनता की इनके प्रति बहुत सहानुभूति है और बहुत से काम ये चीन व पाकिस्तान को खुश करने के लिए करते है। इसलिए पाकिस्तानी तो चाहेंगे कि ये बन जाये तो मजा आ जायेगा। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में तो सीमा मे घुसकर उनको मजा छकाया गया है इसलिए वो चाहते है कि कोई कमजोर आदमी आ जाये।

**हुड्डा कांग्रेस का इतिहास देंखे, संविधान की सबसे ज्यादा धर्जजिया कांग्रेस ने उड़ाई है : अनिल विज**

हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा है कि हम संविधान बचाने के लिए इकठ्ठा हुए है संविधान बचेगा तभी प्रजातंत्र बचेगा, इस पर तंज कसते हुए अनिल विज ने कहा कि हुड्डा साहेब कांग्रेस का इतिहास देख लो पहले संविधान की सबसे ज्यादा धर्जजिया कांग्रेस ने उड़ाई है आपकी पार्टी की इंदिरा गांधी ने एमरजेंसी लगाकर लोगो के मौलिक अधिकार छीन लिए थे। अखबारों मे से खबरे उठा ली जाती थी, लोगो को जबरदस्ती पकड़ पकड़ कर नसबंदी की जाती थी कई कुंवारो की नसबन्दी करवाई गई थी। विज ने कहा कि यही नहीं कांग्रेस ने धारा 356 लगाकर संविधान से ऐसे खेल खेले जैसे बच्चे फुटबॉल से खेलते है। विज ने कहा कि अगर संविधान की बात करनी है तो सबसे पहले अपने दफ्तरो से इंदिरा गांधी की फोटो उतार कर फेंको।

**कांग्रेस के प्रधानमंत्री तो विदेशों में जाकर दरवाज़े पर खड़े रहते थे लेकिन नरेंद्र मोदी को हर देश ने सम्मान दिया है : अनिल विज**

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के सुप्रीमो शरद पवार ने कहा है कि नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री पद को कलंकित किया है, पर भड़कते हुए पूर्व मंत्री अनिल विज ने कहा कि प्रधानमंत्री क्या होता है, पहली बार हमारे देश और विदेश के लोगो को भी नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने से पता चला है। अनिल विज ने कहा कि कांग्रेस के प्रधानमंत्री तो विदेशो मे जाकर दरवाज़े पर खड़े रहते थे लेकिन नरेंद्र मोदी को हर देश ने सम्मान दिया है और कई देशो ने सर्वोच्च अवार्ड दिये है। हां, कांग्रेस को तकलीफ जरूर हो रही है।

**मनोहर लाल के आगे भी बुद्धिराजा सरेंडर कर दें : अनिल विज**

करनाल के कांग्रेस के लोकसभा के उम्मीदवार बुद्धिराजा ने एक केस के चलते सरेंडर करने की बात कही है इस पर विज ने तंज कसते हुए कहा कि अच्छी बात है और मै चाहूंगा कि मनोहर लाल के आगे भी वो सरेंडर कर दे।




# न्यायिक परिसर में 11 मई को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत : सीजेएम

**आपसी समझौते के आधार पर किया जाएगा केस का निपटारा**

**सीजेएम एवं सचिव जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण अमित वर्मा ने दी जानकारी।**



समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया

**रेवाड़ी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से शनिवार 11 मई को रेवाड़ी स्थित न्यायिक परिसर सहित बावल व कोसली में भी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। परिवादी राष्ट्रीय लोक अदालत में आपसी सुलह व समझौते के आधार पर स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से केस का निपटारा करा सकते हैं। सीजेएम एवं सचिव जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण अमित वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि गुरूवार 9 मई को स्थाई लोक अदालत रेवाड़ी व जिला उपभोक्ता फोरम में भी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक लोन से संबंधित मामले, मोटर एक्सीडेंट, एनआई एक्ट, फौजदारी, रेवेन्यू, वैवाहिक विवाद का निपटारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि न्यायालय में लंबित मामलों को परस्पर सहयोग व सौहार्दपूर्ण माध्यम से निपटाने के लिए राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि यदि किसी व्यक्ति का कोई मामला न्यायालय में लंबित है तो वह राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से उसका निस्तारण करा सकता है। उन्होंने बताया कि लोक अदालत में दोनों पक्षों की आपसी सहमति व राजीनामे से सौहार्दपूर्ण वातावरण में पक्षकारों की रजामंदी से विवाद निपटाया जाता है। इससे शीघ्र व सुलभ न्याय, कहीं कोई अपील नहीं, अंतिम रूप से निपटारा, समय की बचत जैसे लाभ मिलते हैं।

# कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र को भारतवर्ष का नंबर-1 क्षेत्र बनाना मुख्य लक्ष्य : नवीन जिन्दल

**बाबैन में भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया पूर्व सांसद का जोरदार स्वागत।**

**अपने आप को नवीन जिन्दल व पवन सैनी मान कर वोट के लिए की अपील।**



समाचार गेट ब्यूरो

**बाबैन, 3 मई।** पूर्व सांसद और कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी नवीन जिन्दल ने शुक्रवार को बाबैन- लाडवा क्षेत्र के दर्जनों गावों का तूफानी दौरा कर अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की कि वे क्षेत्रवासियों के साथ मिल-जुलकर कुरुक्षेत्र को देश का नं-1 संसदीय क्षेत्र बनाएंगे। गांव कोल्हापुर, रामगढ़, बोहली ,मथाना क्षेत्र में उन्होंने आह्वान किया कि मोदी जी के विकसित भारत के सपने पूरे करने के लिए लोग 25 मई को कमल के फूल के सामने वाला बटन दबाकर भारी मतों से भारतीय जनता पार्टी को विजयी बनाएं। भाजपा कार्यकर्ताओं व समर्थकों के उत्साह से गदगद नवीन जिन्दल ने कहा कि इस क्षेत्र के लोग सुखी, स्वस्थ, शिक्षित व समृद्ध हों व बेरोजगारी न हो, यही उनका लक्ष्य है। कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र भारतवर्ष का नंबर-1 क्षेत्र बने और इसे अंतरराष्ट्रीय पहचान मिले, ये उनका सपना है।

पूर्व सांसद नवीन जिन्दल ने गांव खैरी में कार्यकर्ताओं की बैठक में कहा कि उनकी पार्टी का संकल्प पत्र विकसित भारत की तरफ महत्वपूर्ण कदम है, जिसमें नारी शक्ति, युवा शक्ति, पिछड़े, गरीबों, किसानों, मजदूरों, कर्मचारियों और समाज के सभी समुदाय के हितों का ध्यान इस संकल्प-पत्र में रखा गया है। हम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में संकल्प-पत्र के माध्यम से प्रत्येक जन कल्याण की योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। नवीन जिंदल ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में राम मंदिर का निर्माण हुआ और कश्मीर में धारा -370 हटी है। मोदी का सपना विकसित भारत है और आज भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता पूरी जिम्मेदारी से मोदी जी के उस सपने को पूरा करने में लगा है। नवीन जिंदल ने कहा कि उन्हें भारी मतों से विजयी बनाएं, जिसके बाद वे मुख्यमंत्री नायब सैनी और मनोहर लाल के साथ मिलकर कुरुक्षेत्र में विकास को एक नया आयाम देंगे। पूर्व विधायक पवन सैनी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि 25 मई को कमल के फूल पर बटन दबाकर नवीन जिन्दल को रिकॉर्ड मतों से जिताएं। उन्होंने कहा कि भाजपा का हर कार्यकर्ता अपने आप को नवीन जिंदल व पवन सैनी माने और अधिक से अधिक मतदान के लिए लोगों को प्रोत्साहित कर जीत सुनिश्चत करे। इस मौके पर पूर्व विधायक पवन सैनी, समाजसेवी अमित सैनी पौंकी, डा. गणेश दत्त शर्मा, धुम्मन किरमच, गुरदयाल कड़ामी, संजीव मथाना,सतबीर मंगौली, राय सिंह घिसरपड़ी, गुरनाम मगौली, राहुल सैनी खेड़ी, पूर्व सरपंच सूर्या सैनी, सुरेश खैरी, देवेंद अटेहड़ी व अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# महिला के बैग से जेवरात व नकदी चोरी करने के मामले में दो नाबालिक पकड़े

समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया

**रेवाड़ी।** बस स्टैंड चौकी पुलिस ने महिला के बैग से जेवरात व नकदी चोरी करने मामले में दो नाबालिक को अभिरक्षा में लिया है। जांचकर्ता ने बताया कि मोहल्ला रामगली रेवाड़ी निवासी उषा अग्रवाल ने अपनी शिकायत में बताया था कि 10 जुलाई 2021 को दोपहर लगभग 12 बजे उसने बस स्टैण्ड जाने के लिए एक आंटो बुलाया था। उसने बस स्टैंड पहुंचकर बाहर सड़क पर ऑटो वाले को फल लाने के लिए कहा और बैग से 200/- रुपये निकालकर ऑटो वाले को दिए थे। जो उसके बैग में एक सोने की बडी चैन, लॉकेट, एक सेट कानों के झुमके, तीन सोने की अंगूठी व 15000 रुपये नकद थे। ऑटो में 3/4 आदमी, बच्चे और एक औरत भी थी। वह बस स्टैण्ड के बाहर से ही बस पकड़कर गुरुग्राम चली गई थी। गुरुग्राम पहुंच कर जब उसने अपना बैग चेक किया तो उसमे जेवरात एवं नकदी नहीं थे। जिस पर पुलिस ने थाना शहर रेवाड़ी में चोरी का मामला दर्ज करके मामले में तीन आरोपी ताराचंद व उसकी पत्नी फरमीन उर्फ हसीना व अमित उर्फ़ मितु को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किए गए जेवरात व नकदी बरामद कर लिए थे। इस मामले में पुलिस ने शुक्रवार को दो नाबालिक को भी अभिरक्षा में लिया है। पुलिस द्वारा दोनों नाबालिक को जुवेनाइल जसटिस बोर्ड के समक्ष पेश किया गया है। जहां से उसे फरीदाबाद बाल सुधार गृह में भेज दिया गया।

